




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 36 अंक 325 | कोरबा, बुधवार, दिनांक 27 अगस्त 2025 डाक 28 अगस्त 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**

पश्चिम बंगाल के मध्याह्न भोजन कर्मचारी कोलकाता में वेतन और भत्ते में वृद्धि की मांग को लेकर रा'य सचिवालय नबन्ना की ओर मार्च करते हुए।



**देश-विदेश**

महू में रण संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ, आज रक्षा मंत्री होंगे शामिल CDS ने दिलाई महाभारत की याद



**फीचर पेज**

पेंसिल रंगों से ड्राइंग बनाते समय इन 5 बातों का रखें ध्यान, बनेगी बेहतरीन




# प्रकृति का रौद्र रूप...वैष्णो देवी रूट पर भूस्खलन से तबाही, 31 मौत, आज भी भारी बारिश का अलर्ट




**जम्मू, 27 अगस्त [एजेंसी]।**

जम्मू संभाग में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन मूसलधार वर्षा ने तबाही मचाई। श्री माता वैष्णो देवी यात्रा मार्ग के अर्धकुंवारी क्षेत्र में भूस्खलन और डोडा में बादल फटने से कुल 31 लोगों की जान चली गई। नौ श्रद्धालुओं की कटड़ा में और चार की डोडा में मौत हुई। जबकि यात्रा मार्ग पर भूस्खलन होने से 22 श्रद्धालु घायल भी हुए हैं। इसके अतिरिक्त, जम्मू के चनैनी नाला में एक कार गिरने से तीन श्रद्धालु बह गए। लापता तीन में से दो श्रद्धालु राजस्थान के धौलपुर और एक आगरा का रहने वाला है। वर्षा के कारण जम्मू की सड़कें व पुल झेल नहीं पाए और शहर में बाढ़ जैसे हालात बन गए। इसके साथ ही जम्मू का देश से सड़क व रेल संपर्क पूरी तरह कट गया। मंगलवार रात भारी बारिश की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने रात नौ बजे के बाद अकारण घरों से बाहर निकलने पर भी रोक लगा दी थी। तवी, चिनाब, उज्ज सहित सभी नदियां खतरे के निशान के ऊपर बह रही हैं। जम्मू में तवी नदी पर बना भगवतीनगर पुल की एक लेन धंस गई, जबकि इस नदी पर बने दो अन्य पुलों पर एहतियातन आवाजाही बंद कर दी गई है। कठुआ के पास पुल धंसने से जम्मू-पठानकोट राष्ट्रीय पर यातायात पहले से प्रभावित था। अब इस राजमार्ग पर विजयपुर में एम्स के निकट स्थित देविका पुल भी क्षतिग्रस्त हुआ है। इसके बाद सड़क यातायात पूरी तरह बंद कर दिया गया।सांबा में सेना के जवानों ने खानाबदोश गुज्जर समुदाय के सात लोगों को नदी से सुरक्षित बाहर निकाला है। जम्मू संभाग के सभी स्कूलों और कालेजों में 27 अगस्त को अवकाश घोषित किया गया है।जम्मू संभाग के आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रमुख रमेश कुमार ने बताया कि अगले 40 घंटों में मध्यम से भारी बारिश की संभावना है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने माता वैष्णो देवी मंदिर मार्ग पर भूस्खलन से उत्पन्न स्थिति को लेकर उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से बात की और घटना पर दुख व्यक्त किया।केंद्रीय गृहमंत्री के अनुसार, एनडीआरएफ की टीम भी कटड़ा पहुंच रही है। मौजूदा स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने जम्मू में बाढ़ नियंत्रण उपायों की समीक्षा की और अधिकारियों को हर संभव कदम उठाने का निर्देश दिया।अर्धकुंवारी मार्ग पर भूस्खलन की घटना उस समय हुई जब श्रद्धालु इंद्रप्रस्थ भोजनालय के पास वर्षा के बीच आगे बढ़ रहे थे। अचानक पहाड़ी से बड़े पत्थर गिरने लगे, जिससे कई श्रद्धालु भूस्खलन की चपेट में आ गए।मौके पर पहले से मौजूद श्राइन बोर्ड की आपदा प्रबंधन टीम और पुलिस ने बचाव कार्य शुरू किया। नारायणा अस्पताल में भर्ती कराए गए 22 के करीब घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। श्राइन बोर्ड ने यात्रा को बुधवार डेढ़ बजे तक के लिए स्थगित कर दिया है। डोडा के भलेसा इलाके में बादल फटने से नालों में उफान आ गया है। डोडा के भद्रवाह में नीरू नाला भी कई जगह खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है। डोडा के उपायुक्त हरविंदर सिंह ने बताया कि भलेसा के अमृतपुरा इलाके की एक लड़की की मौत हो गई है। भेलसा में दो, ठाठरी और भद्रवाह में भी एक-एक नागरिक की जान गई है। भारी बारिश के कारण जिले में कई इमारतें क्षतिग्रस्त हुई हैं। डोडा शहर को पुल डोडा से जोड़ने वाले मुख्य पुल को वाहनों की आवाजाही के लिए बंद कर दिया गया है

## 33 साल से वैष्णो देवी आ रहे हैं, ऐसा भयानक मंजर पहले कभी नहीं देखा: श्रद्धालु



**रियासी 27 अगस्त।** वैष्णो देवी मंदिर के पास 26 अगस्त को अर्द्धकुंवारी के निकट इंद्रप्रस्थ भोजनालय के पास हुए भूस्खलन ने भारी तबाही मचाई है। वैष्णो देवी दर्शन के लिए पहुंचे तीर्थयात्रियों ने बताया कि स्थिति काफी भयानक थी, चारों तरफ चीख पुकार सुनाई दी। पटना से आए एक शख्स ने आईएएनएस से बातचीत की। उन्होंने बताया कि भूस्खलन के समय भारी बारिश हो रही थी, जिससे चीख-पुकार मच गई। वे 50 मीटर पीछे थे, जिससे उनकी जान बच गई, लेकिन उनके दो साथी लापता हैं। उन्होंने सहायता केंद्र में पूछताछ की। अस्पताल जाकर भी चेक कर रहे हैं। श्रद्धालु ने बताया कि वे 33 साल से वैष्णो देवी आ रहे हैं, लेकिन ऐसा भयानक मंजर पहले कभी नहीं देखा। बारिश रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। उन्होंने इस घटना को बादल फटने जैसी घटना करार दिया है। एक स्थानीय व्यक्ति ने कहा, सभी नदियां उफान पर हैं और गंभीर खतरा पैदा कर रही हैं। पानी खतरे के स्तर से ऊपर बढ़ गया है। अपने 48 वर्षों के जीवन में, मैंने कभी इतना पानी नहीं देखा, न ही मेरे पिता ने और न ही किसी और ने ऐसी स्थिति देखी है। नैना (श्रद्धालु) ने बताया कि अपने परिवार के साथ दिल्ली से वैष्णो देवी आई थीं।

## हाथी ने बाइक सवार को दौड़ाया रायगढ़ में मचा रहा उत्पात

**रायगढ़।** रायगढ़ में आए दिन हाथियों का दल जंगल से निकलकर रोड पर देखा जाता है। जहां एक वीडियो सामने आया है, जिसमें दल का एक बड़ा हाथी बाइक सवार युवकों को दौड़ाते देखा गया। जिसका वीडियो अब वायरल होने लगा है। रायगढ़ वन मंडल के घरघोड़ा रेंज के 26 हाथियों का दल नवापारा-टेंडा के जंगल में विचरण कर रहा है। जहां मंगलवार की शाम को जंगल के रास्ते से दो युवक बाइक से गुजर रहे थे। तभी उन्होंने नवापारा से भेंगारी मार्ग की तरफ बढ़ रहे हाथियों के दल को देखा और उसका वीडियो बनाना शुरू कर दिया। हाथी दल आगे बढ़ रहा था और युवक उनका वीडियो बना रहे थे।तभी दल से निकलकर एक बड़ा हाथी बाइक सवारों को दौड़ाने लगा। हाथी ने काफी दूर तक उन्हें दौड़ाया। जिसका वीडियो बाद में वायरल होने लगा।

अगर हमें कोई चुनौती देता है तो...

## राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान पर फिर साधा निशाना, बताया भारत कैसे लड़ेगा युद्ध



**नईदिल्ली, 27 अगस्त [एजेंसी]।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज मध्य प्रदेश के महू में रण-संवाद 2025 कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने बताया कि आने वाले समय में युद्ध कैसे लड़ा जाएगा। साथ ही रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि भारत कभी पहले आक्रमण नहीं करता लेकिन अगर चुनौती मिलती है तो उसका पूरी ताकत के साथ जवाब दिया जाएगा। राजनाथ सिंह ने कहा, कार्यक्रम का शीर्षक, रण संवाद, मुझे बहुत दिलचस्प लगा। यह नाम ही चिंतन और मनन का विषय है। एक ओर रण युद्ध और संघर्ष की कल्पना जगाता है तो दूसरी ओर संवाद संवाद, चर्चा और सुलह की ओर इशारा करता है। पहली नजर में, ये दोनों शब्द विरोधाभासी लगते हैं। जहां युद्ध है, वहां संवाद कैसे हो सकता है और जहां संवाद हो रहा है, वहां युद्ध कैसे हो सकता है। लेकिन गहराई से देखें तो यही नाम हमारे समय की सबसे प्रासंगिक सच्चाइयों में से एक को अपने में समेटे हुए है। रण-संवाद 2025 में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, रण-संवाद का भारत में एक ऐतिहासिक आधार भी है और यह मुझे हमारे इतिहास की कई घटनाओं की याद दिलाता है जो हमें दिखाती हैं कि कैसे सभ्यतागत युद्धों का अर्थ रण और संवादों का अर्थ संवाद होता है और भारत में ये दोनों आपस में गुंथे हुए थे। हमारी संस्कृति में, संवाद युद्ध से अलग नहीं है। यह युद्ध से पहले होता है। यह युद्ध के दौरान होता है और युद्ध के बाद भी जारी रहता है। उदाहरण के लिए, महाभारत को ही लें, युद्ध को रोकने के लिए, भगवान कृष्ण शांति के दूत के रूप में गए। वे संवाद करने गए ताकि युद्ध को टाला जा सके। उन्होंने कहा, भविष्य के युद्ध केवल हथियारों की लड़ाई नहीं होंगे, वे प्रौद्योगिकी, खुफिया, अर्थव्यवस्था और कूटनीति का संयुक्त खेल होंगे। आने वाले समय में जो राष्ट्र प्रौद्योगिकी, रणनीति और अनुकूलनशीलता के त्रिकोण में निपुण होगा, वही सच्ची वैश्विक शक्ति के रूप में उभरेगा। सरल शब्दों में कहें तो यह इतिहास से सीखने और एक नया इतिहास लिखने का समय है, यह भविष्य का अनुमान लगाने और उसे आकार देने का समय है। राजनाथ सिंह ने कहा, आज, 21वीं सदी में, यह परिवर्तन और भी तेज हो गया है। सिर्फ सैनिकों की संख्या या हथियारों के भंडार का आकार अब पर्याप्त नहीं है। साइबर युद्ध, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मानवरहित हवाई वाहन और उपग्रह-आधारित निगरानी भविष्य के युद्धों को आकार दे रहे हैं।

## समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी पर लगे भ्रष्टाचार के दाग

### पोल खुलने पर डीएम ने जांच बैठाई, गाज गिरना तय




**रायबरेली।** जिला विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय ने जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप की जांच के लिए दो सदस्यीय टीम गठित कर दी है। इसमें जिला विकास अधिकारी व अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को शामिल किया गया है। सीडीओ ने जांच टीम से 7 दिन के अंदर जांच रिपोर्ट देने के लिए कहा है। पिपरी गुरुबक्शगंज निवासी विजय प्रताप सिंह ने जिलाधिकारी हर्षिता माथुर को समाज कल्याण अधिकारी के खिलाफ सात बिंदुओं पर शिकायती पत्र दिया था, जिसमें शिकायतकर्ता ने कहा कि समाज कल्याण विभाग के तहत संचालित जयप्रकाश नारायण विद्यालय में सामान क्रय के लिए बार-बार एक ही फर्म को काम दिया गया है, जो कि विभाग के बाबू मुकेश सिंह के रिश्तेदार की है। कार्यालय में वृद्धावस्था पेंशन व पारिवारिक लाभ जैसी योजनाओं के लिए लाभार्थियों से सुविधा शुल्क वसूला जाता है, निहास्था व जड़ावगंज की जमीनों पर फसलें उगवाकर पैसा समाज कल्याण अधिकारी बाबू मुकेश के माध्यम से ले रही हैं।

तीन विद्यालयों की कैटरिंग का टेंडर एक ही फर्म को बार-बार दिया जा रहा है, उसको भुगतान के लिए 10त्न का कमीशन लिया जा रहा है, छात्रावासों में दो साल के भीतर कराए गए सभी कार्य बोगस हैं, कमीशन लेकर इन कार्यों का भुगतान कर दिया गया है।

## सिंगर राहुल फाजिलपुरिया पर हमला करने वाले 5 शॉर्प शूटर का गुरुग्राम में एनकाउंटर, 4 के पैर में लगी गोली

**गुरूग्राम, 27 अगस्त [एजेंसी]।**



बॉलीवुड सिंगर राहुल फाजिलपुरियाके फाइनेंसर रोहित शौकीन की हत्या और राहुल फाजिलपुरिया पर फायरिंग मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। एसटीएफ और गुरुग्राम क्राइम ब्रांच की संयुक्त कार्रवाई में पांच शूटर गिरफ्तार किया है।गुरुग्राम पटौदी रोड के वजीरपुर इलाके में बुधवार को मुठभेड़ के बाद इनको पकड़ा गया है। जैसे ही बिना नंबर इनोवा को रोकने की कोशिश की गई वैसे ही इनोवा में बैठे हथियारबंद बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी। दोनों तरफ से हुई फायरिंग में चार बदमाशों को पैर में गोली लगी। एसटीएफ ने बताया कि गिरफ्तार सभी बदमाश विदेश में बैठे गैंगस्टर रोहित सरधानिया और दीपक नांदल के शूटर हैं। इनकी पहचान झज्जर के रहने वाले विनोद पहलवान, सोनीपत के रहने वाले पदम उर्फ राजा, शुभम उर्फ काला, गौतम उर्फ गोगी और आशीष उर्फ आशु के रूप में की गई, जिन्हें इलाज के लिए गुरुग्राम के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## बिहार में मंत्री श्रवण कुमार और विधायक पर हमला, एक किमी भागकर बचाई जान, बॉडीगार्ड सहित कई लोग घायल



**पटना 27 अगस्त।** नालंदा जिले के हिलसा थाना क्षेत्र के मलावां गांव में 9 लोगों की मौत के बाद मातमपुर्सी के लिए पहुंचे बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार और स्थानीय विधायक पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया।घटना के दौरान गुस्साए ग्रामीणों ने पथराव किया, जिससे मंत्री और विधायक को करीब एक किलोमीटर भागकर अपनी जान बचानी पड़ी। हमले में मंत्री के बाडीगार्ड सहित कई लोग घायल हो गए, कुछ का सिर फट गया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया, जिसके बाद क्षेत्र पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। जानकारी के मुताबिक, तीन दिन पहले सड़क हादसे में 9 लोगों की मौत हुई थी। इसी घटना से प्रभावित परिवारों से मिलने मंत्री और विधायक गांव पहुंचे थे।

दोनों नेताओं ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और फिर लौटने लगे। ग्रामीणों ने उनसे कुछ देर और गांव में रुकने की गुहार लगाई, लेकिन मंत्री ने कहा कि सभी परिवारों से मुलाकात हो चुकी है और उन्हें आगे कार्यक्रम में जाना है। इसके बाद मुआवजे को लेकर ग्रामीण भड़क गए। उन्होंने पहले एक स्थानीय पत्रकार और विधायक को घेर लिया, फिर लाठी-डंडे लेकर हमला कर दिया। ग्रामीणों का आरोप था कि हादसे के दिन विधायक के कहने पर उन्होंने सड़क जाम हटाया था, लेकिन आज तक उन्हें उचित मुआवजा नहीं मिला।

## चर्चित चंदन गुप्ता हत्याकांड के दोषी की इलाज के दौरान मौत

**लखनऊ, 27 अगस्त [एजेंसी]।**



कासगंज के चर्चित चंदन गुप्ता हत्याकांड में आजीवन कारावास की सजा काट रहे दोषी सलीम की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। लखनऊ जिला कारागार के जेलर ने सलीम की मौत की पुष्टि की है। सलीम को इलाज के लिए लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) में भर्ती कराया गया था, जहां पुलिस सुरक्षा में उसका इलाज चल रहा था। बुधवार को उसकी हालत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। सलीम, 2018 में कासगंज में तिरंगा यात्रा के दौरान हुई हिंसा में मारे गए चंदन गुप्ता की हत्या का शामिल था। एनआईए स्पेशल कोर्ट, लखनऊ ने सलीम को अन्य 27 दोषियों के साथ इस मामले में दोषी पाया और आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। कोर्ट का फैसला आने के बाद सलीम ने अन्य दोषियों के साथ आत्मसमर्पण किया था, जिसके बाद से वह जेल में बंद था। कासगंज में 26 जनवरी 2018 को तिरंगा यात्रा निकाली गई थी। चंदन गुप्ता अपने भाई विवेक गुप्ता और अन्य साथियों के साथ तिरंगा यात्रा में शामिल था। जब तिरंगा यात्रा कासगंज के तहसील रोड स्थित जीजीआईसी गेट के पास पहुंची, उसी दौरान विवाद हुआ। आरोप थे कि सलीम, वसीम और नसीम समेत कई लोगों ने रास्ता रोक लिया। जब चंदन ने आपत्ति जताई तो इससे हालात बिगड़ गए और पथराव होने लगा। तिरंगा यात्रा के दौरान गोलीबारी की भी घटना हुई। मुख्य आरोपियों में से एक, सलीम ने चंदन गुप्ता पर गोली चलाई, जिससे उसकी मौत हो गई। हिंसा के कारण शहर में अशांति फैल गई, जिसके कारण एक सप्ताह तक कर्फ्यू लगा रहा और इंटरनेट बंद रहा।

मामले में करीब 6 साल की कानूनी लड़ाई के बाद चंदन के परिवार को जनवरी 2025 में न्याय मिला। एनआईए स्पेशल कोर्ट ने चंदन गुप्ता हत्याकांड में 28 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने दो लोगों को इस मामले से बरी भी कर दिया, क्योंकि उनके खिलाफ पर्याप्त सबूत नहीं थे।

## पीएम मोदी ने देशवासियों को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दी



**दिल्ली।** पीएम मोदी ने देशवासियों को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा, श्रद्धा और भक्ति से भरा यह पावन अवसर हर किसी के लिए शुभकारी हो। भगवान गजानन से प्रार्थना है कि वे अपने सभी भक्तों को सुख, शांति और उत्तम स्वास्थ्य का आशीर्वाद दें। गणपति बाप्पा मोरया! वैदिक पंचांग के अनुसार भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि का आरंभ 26 अगस्त 2025 को दोपहर 1.53 बजे होगा और इसका समापन 27 अगस्त को दोपहर 3.43 बजे होगा. उदया तिथि के आधार पर गणेश चतुर्थी का पर्व 27 अगस्त 2025 को मनाया जाएगा और इसी दिन गणपति बप्पा की स्थापना होगी। इस वर्ष स्थापना के लिए अभिजीत मुहूर्त सुबह 11.00 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक का है, जो अत्यंत शुभ और फलदायी माना जा रहा है। परंपरा के अनुसार भक्त 27 अगस्त की सुबह सूर्योदय से पहले स्नान करके व्रत का संकल्प लें और भगवान गणेश के सामने पूजा-अर्चना करें। मान्यता है कि इस विधि से किए गए सिद्धि विनायक व्रत का फल कई गुना बढ़ जाता है और घर-परिवार में सुख-समृद्धि का वास होता है।


**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## सौरभ भारद्वाज के पुश्तैनी घर पर 12 घंटे तक खंगाले घोटाले के सबूत, ईडी के हाथ क्या लगा?

**दक्षिणी दिल्ली, 27 अगस्त [एजेंसी]।**



दिल्ली में अस्पताल घोटाले के मामले में ईडी ने आप के नेता सौरभ भारद्वाज के चिराग दिल्ली गांव स्थित पुश्तैनी घर पर भी छापामारी की। वहीं, छापामारी की खबर का पता चलते ही आप के विधायक, नेता व कार्यकर्ता भी सौरभ के घर के बाहर पहुंच गए। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर भारी संख्या में पुलिस बल को मौके पर तैनात किया गया था।इस दौरान किसी भी कार्यकर्ता को पुलिस ने सौरभ के घर के जाने की अनुमति नहीं दी। पुलिस ने कार्रवाई का विरोध कर रहे कार्यकर्ताओं को समझा बुझाकर शांत किया। चिराग दिल्ली में सौरभ भारद्वाज का पुश्तैनी घर है। सुबह करीब सात बजे ईडी की टीम ने सौरभ भारद्वाज के घर पर छापामारी की। 10 से 15 अधिकारी उनके घर के अंदर गए। इसके बाद घर के दरवाजे अंदर से बंद कर दिए गए। सुरक्षा व्यवस्था के चलते भारी संख्या में पुलिस बल को मौके पर तैनात कर दिया गया था।वहीं, कुछ देर में ही घर के बाहर मीडियाकर्मियों का जमावड़ा लग गया। जैसे ही छापामारी की खबर सोशल मीडिया व खबरों में आई तो आप नेता व कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंचने लगे। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल को मौके पर बुलाया गया। आप के विधायक अजय दत्त, प्रकाश जारवाल, पूर्व विधायक सोमनाथ भारती व रवि सहित अन्य कार्यकर्ता घर के बाहर पहुंच गए। कुछ नेताओं ने सौरभ के घर के अंदर जाने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया।

किसी को घर के अंदर जाने की अनुमति नहीं दी गई। ईडी की टीम ने शाम तक घर के अंदर छानबीन की। इस दौरान सौरभ भारद्वाज के पिता एक बार घर से बाहर आए। हालांकि, उन्होंने सिर्फ अपने परिजन से बात की। ईडी का कहना है कि घोटाले में शामिल पांच ठेकेदारों की पहचान कर ली गई है और पीडब्ल्यूडी व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की पहचान की जा रही है। जांच में नियमों, निविदा शर्तों और वित्तीय प्रोटोकाल के गंभीर उल्लंघन का पता चला। इसमें जानबूझकर देरी, परियोजना की लागत में वृद्धि, व्यावहारिक विकल्पों को अस्वीकार करना और बेकार संपत्तियों का निर्माण शामिल है। इससे सरकारी खजाने को भारी नुकसान हुआ है।



## महिला समूह को आत्म निर्भर बनाने एसईसीएल ने दिया मिनी राईस मिल

कोरबा। एसईसीएल कोरबा क्षेत्र द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सी.एस.आर.) मद के अंतर्गत सतत् सामाजिक-आर्थिक विकास की दिशा में सराहनीय कदम उठाया गया। सराईपाली उपक्षेत्र के ग्राम राहाडीह (तालापार), छिंदपारा (बुडबुड) तथा बकसाही की तीन महिला स्व सहायता समूहों को आत्मनिर्भरता एवं स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने हेतु प्रत्येक समूह को 01-01 नग मिनी राइस मिल प्रदान की गई।इस पहल से महिला समूहों को रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे और उनकी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाने में मदद मिलेगी। महिला सदस्यों ने इस सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे अपने सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।इस अवसर पर महिला स्व सहायता समूहों की सदस्याएं तथा क्षेत्रीय प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने एसईसीएल कोरबा क्षेत्र की इस पहल की सराहना की और इसे ग्रामीण महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक प्रेरणादायी प्रयास माना।

## हाथियों के संरक्षण पर जागरूकता बढ़ाने डीपीएस स्कूल में हुआ कार्यक्रम

कोरबा। सोमवार को डीपीएस एनटीपीसी के इको क्लब द्वारा टस्क टॉक और स्नैपशॉट्स कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और विशेष रूप से हाथियों के संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। इस कार्यक्रम में स्किड के माध्यम से छात्र-छात्राओं को हाथियों के संरक्षण के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया गया।मास एक्सटिंक्शन,संरक्षण,फ्लोरा फ़ौना के महत्त्व, आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और कार्बन क्रेडिट जैसे विषयों पर जानकारी देते हुए स्टूडेंट्स को इस क्षेत्र में शोध करने के लिए प्रोत्साहित किया।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीएफओ कटघोरा कुमार निशांत रहे। प्राचार्य सतीश शर्मा एवं हेड मिस्ट्रेस श्रीमती सिंधु खंडेलवाल की भी गरिमामय उपस्थिति रही। मुख्य रूप से स्किड के माध्यम से मानव-हाथी संघर्ष को दर्शाया गया और बताया गया कि इसका निराकरण क्यों आवश्यक डीएफओ कटघोरा कुमार निशांत ने बताया कि स्कूल के दिनों से ही उनमें प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूकता और लगाव था। उनके शिक्षा में प्रकृति के प्रति उनका झुकाव शुरू से ही था। भारतीय वन सेवा में उन्होंने प्रकृति एवं जीव जंतुओ के लिए अपना समर्पण अपने कार्य द्वारा किया जा रहा है। कोरबा क्षेत्र में उनके द्वारा एआई एवं अन्य आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर वाइल्ड लाइफ कंसर्वेशन के लिए कार्य किया जा रहा है। जिसमे लोकल



कम्युनिटी और लोगो को विभाग के साथ जीव संरक्षण के लिए सयुक्त अभियान मे शामिल किया जय रहा हैं। उन्होंने मास एक्सटिंक्शन, संरक्षण, फ्लोरा फ़ौना के महत्त्व, आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और कार्बन क्रेडिट जैसे विषयों पर जानकारी प्रदान की और छात्रों को इस क्षेत्र में शोध करने के लिए प्रोत्साहित किया।प्रकृति की रक्षा के लिए हमें समय रहते जीव संरक्षण का प्रयास करना होगा- शर्माप्राचार्य सतीश शर्मा ने डीपीएस एनटीपीसी के इको क्लब की इस पहल की प्रशंसा की और डीएफओ निशांत कुमार का आभार जताया। उन्होंने कहा कि प्रकृति और धरती मां की रक्षा के लिए हमें समय रहते जीव जंतुओ के संरक्षण का प्रयास करना चाहिए और हमें आने वाले पीढ़ियों के लिए प्रकृति को संजो कर रखना है।
फोटोग्राफ्स प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं द्वारा वाइल्ड एनिमल्स और नेचर फोटोग्राफ्स लगाए गए। डीएफओ द्वारा प्रदर्शनी की प्रशंसा की गई और छात्रों को प्रेरित किया गया।पर्यावरण संरक्षण का महत्वपर्यावरण संरक्षण हमारे ग्रह के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इसमें वनस्पतियों और जीवों का संरक्षण शामिल है, जो प्रकृति के अभिन्न अंग हैं।कार्यक्रम का नेतृत्व व सफल संचालन इको क्लब की प्रेजिडेंट कक्षा 12वीं की छात्रा सर्वाज्ञ सिंह ने कियाऔर उनकी टीम मे इको क्लब की वाइस प्रेसिडेंट कनिष्का चंद्रा और सेक्रेटरी शनाया घोष स्किड के पात्र रहे सौम्या,दक्ष, श्रेया,सृष्टि दत्त,सनायथा,अबीर,भाग्य,सृष्टि वर्माऔर सहयोगी रहे विशाल हिमेश अरयाना सूर्यांश,प्रखर,काव्यांश और शिवेंन शर्मा ने सहयोग किया।कार्यक्रम को प्रोत्साहित और मार्गदर्शन करने में टीचर्स जैसे दिव्या सोना , राकेश श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा।

## एल्युमिनियम पार्क का सपना होगा साकार

कोरबा को व्यावसायिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के दिशा में नगर विधायक, वाणिज्य, उद्योग, सार्वजनिक उपक्रम और आबकारी, श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन के प्रयासों से बहुप्रतीक्षित एल्युमिनियम पार्क का मार्ग प्रशस्त हो गया है। उत्पादन कंपनी के बोर्ड की हुई बैठक में पूर्व सयंत्र के ज़मीन हस्तांतरित हेतु हरी झंडी मिल गई है। कोहड़िया स्थित कोरबा ताप विद्युत गृह की 105 हेक्टेयर ज़मीन उद्योग विभाग को अब जल्द हस्तांतरित की जाएगी। इसके लिए बोर्ड ने प्रबंध निदेशक को अधिकृत किया है। साथ ही जिला प्रशासन, नजुल, राजस्व विभाग को ज़मीन का सत्यापन एवं सीमांकन कर उद्योग विभाग को हस्ताँतरित करने के लिए ऊर्जा विभाग द्वारा नजूल अधिकारी को पत्र जारी किया गया है।कोरबा ज़िले में एल्यूमिनियम पार्क निर्माण हेतु उद्योग मंत्री के प्रस्ताव पर वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये उद्योग विभाग के बजट प्रस्ताव में 5 करोड़ रुपए का घोषणा की गई थी। इसके बाद उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने ही उत्पादन कम्पनी के बंद पड़ी प्लांट की ज़मीन में एल्यूमिनियम पार्क हेतु प्रस्ताव ऊर्जा विभाग और उद्योग विभाग को दिया था।उद्योग मंत्री के प्रयास का अब लाभ कोरबा जिले को मिलने जा रहा है। जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स, उद्योग संघ द्वारा वर्षों से मांग की जा रही थी। अब एल्यूमिनियम पार्क बनने से जहा एल्यूमिनियम सेक्टर के छोटे बड़े उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा, साथद्ध ही रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

## पशु चिकित्सा विभाग में दवाई खरीदी घोटाला मामले की जांच कर एक सप्ताह में रिपोर्ट देने के लिए संचालक ने दिया निर्देश,विभाग में मचा हड़कप

कोरबा। छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ आदिवासी नेता पूर्व गृह मंत्री ननकी राम कंवर ने शराब घोटाला के तर्ज पर पशु औषधि घोटाला खरीदी में बड़ा भ्रष्टाचार उजागर करने के संबंध में पत्र लिखा है शिकायत पत्र पर संचालक पशु चिकित्सा विभाग ने संज्ञान लेते हुए जांच टीम गठित कर दिया है जांच टीम को एक सप्ताह के अंदर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए निर्देश जारी किया गया है

छत्तीसगढ़ प्रदेश मे पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन काल से लेकर आज तक पशु चिकित्सा विभाग में राज्य व जिला स्तर पर पशुओं के उपचार मे उपयोग में आने वाले पशु औषधि की खरीदी के लिए सभी जिला के उपसंचालकों पशु चिकित्सा विभाग के माध्यम से पशु औषधि वैक्सीन, फिट सप्लीमेंट्री इत्यादि की खरीदी भंडार क्रय नियम के विपरीत किया गया है जिसमें 10% पशु औषधि की खरीदी होती है लेकिन फर्जी तरीके से 100 दवाई खरीदी का फर्जी भुगतान संबंधित डीलर को सांठ गांठ कर किया जाता है दवाई की खरीदी डीलरों के द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से खरीदी किया जाता है कोई भी कार्यालय दवाई निर्माता कंपनी से दवा सप्लीमेंट्री खरीदी नहीं की जाती जिसमें अरबो रुपए का पशु औषधि खरीदी में घोटाला सामने आने की संभावना दिख रही है। ननकी राम कंवर ने मांग किया ह
ै कि पशु औषधि संबंधित निर्माता कंपनी से निविदा के आधार पर खरीदी की जाए जिससे भ्रष्टाचार पर लगाम लगाया जा सकता है और सत दवाई की खरीदी हो सके पशु औषधि के नाम से फर्जी बिल के आधार पर जिन दवाई डीलरों और संबंधित जिला व राज्य के अधिकारी कर्मचारी सहित समझ दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।



## यूथ हॉस्टल के संरक्षक का दायित्व संभाला डीएसपीएम के सीई कंसल ने

**कोरबा ।** कोरबा जिलान्तर्गत सीएसईबी के मुख्य अभियंता संजीव कंसल ने यूथ हॉस्टल कोरबा यूनिट का संरक्षक पद स्वीकार किया है। यह जानकारी यूथ हॉस्टल राज्य यूनिट के चेयरमैन संदीप सेठ ने दी।

इस अवसर पर यूनिट के प्रमुख सदस्य सतीश शुक्ला, पी.एल. मिरेन्द्र, श्रीमती शिव कुमारी एवं श्रीमती कल्पना ने सीएसईबी प्लांट का दौरा किया। इस टीम में सक्रिय सदस्य तोमर एवं अतुल शुक्ला भी सम्मिलित रहे। टीम ने संजीव कंसल से उनके कार्यालय में भेंट की, जहाँ यूनिट चेयरमैन संदीप सेठ ने यूथ हॉस्टल द्वारा संचालित साहसिक एवं विकासात्मक गतिविधियों की जानकारी प्रस्तुत की। श्री कंसल ने प्रस्ताव को सहर्ष स्वीकार किया।

इस अवसर पर सतीश शुक्ला ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया और उन्हें वाई.एच.ए.आई. का आधिकारिक बैज पहनाकर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि यूथ हॉस्टल कोरबा यूनिट की स्थापना वर्ष 1999 में स्व. संजीव सोनी के नेतृत्व में हुई थी। साथ ही, 26 अगस्त को फाउंडेशन डे के रूप में मनाया जाता है, जो कि जर्मन शिक्षक स्व. रिचर्ड शिर्मान की स्मृति को समर्पित है, जिन्होंने विश्व में यूथ हॉस्टल आंदोलन की नींव रखी थी।

# शराब बंदी के प्रस्ताव के बाद लोग बेच रहे मदिरा

कोरबा। गांव में अवैध रूप से शराबबंदी की मुहिम चलाई जा रही है। इसे लेकर ग्राम पंचायत में प्रस्ताव भी पारित हो चुका है। इडुसके बावजूद कुछ लोग अवैध रूप से शराब के विक्रय करने में जुटे हैं। आबकारी मंत्री के जिले में ग्रामीणों को धमकाया भी जा रहा है। जिसे लेकर 30 से 35 की संख्या में महिलाएं कलेक्ट्रेट पहुंची थीं। उन्होंने मामले की शिकायत की है। कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में नशा मुक्ति अभियान महिला समिति की साधमती (अध्यक्ष), मिथिलेश (सचिव) सहित अन्य महिलाओं ने बताया कि ग्राम बोतली कुछ ग्रामीणों के द्वारा अवैध रूप से शराब का विक्रय किया जा रहा है। जिसकी वजह से ग्राम में लडाई-झगडा, मार-पीट, गाली गलौच, वाद-विवाद निरंतर होता रहता है। ग्रामीणों के बच्चों के उपर भी उनके मनो स्थिति पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है। छोटे-छोटे बच्चे शराब के आदि हो गए है। उनके द्वारा शराब विक्रय करने वाले को मना भी किया गया है। इस संबंध में ग्राम पंचायत के द्वारा भी प्रस्ताव पारित किया गया है। ग्राम में शराब न विक्रय किया जाए, किंतु उक्त अवैध रूप से शराब विक्रय करने वाले ग्रामीण व्यक्ति नहीं मान रहे है। उल्टा नशा मुक्ति अभियान के महिला समिति को डराते व धमकाते हुए जान से मारने की धमकी भी देते हैं। ग्राम में अवैध रूप से होने वाले शराब विक्रय को रोकना अति आवश्यक है, क्योंकि इस वजह से ग्रामीणों का माहौल खराब हो रहा है और बच्चों का भी भविष्य बर्बाद हो रहा है। ग्राम बोतली में कुछ ग्रामीणों के द्वारा अवैध रूप से शराब के विक्रय को अतिशीघ्र रोकने की मांग की है।

## पत्नी की हत्या कर टॉयलेट टैंक में शव छिपाने वाले पति को आजीवन कारावास की सजा

**कोरबा ।** मामूली विवाद के बाद पत्नी की हत्या कर शव को घर के टॉयलेट टैंक में छिपाने वाले कथित आरोपी का अपराध सिद्ध होने पर उच्च न्यायालय ने आजीवन कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई है। फैसला प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश कोरबा, संतोष कुमार आदित्य ने सुनाया।बताया जा रहा हैं की 18 जुलाई 2022 को प्रार्थी ने बालको थाने में एक महिला के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसी दौरान कथित आरोपी की मां ने मृतका के भाई को फोन कर बहन के घर से गायब होने की सूचना दी। शक होने पर भाई अपने रिश्तेदारों के साथ उसके घर पहुंचा। वहां टॉयलेट के ऊपर रखी लकड़ियों पर शक हुआ। लकड़ियां हटाने पर टॉयलेट टैंक से बुधवारा बाई नामक महिला का शव बरामद हुआ और पुलिस को खबर दी गई। पुलिस के द्वारा पूछताछ में कथित आरोपी ने जुर्म कबूल किया। उसने बताया कि मां को खाना न देने की बात को लेकर उसका पत्नी से विवाद हुआ था। इसी दौरान गुस्से में उसने तेंदू के डंडे से पत्नी के सिर पर वार कर हत्या कर दी। बाद में शव को छिपाने के लिए टॉयलेट टैंक में डाल दिया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर हथियार और अन्य साक्ष्य जब्त किए। मामले की विवेचना तत्कालीन बालको थाना प्रभारी विजय चेलक ने की थी। न्यायालय ने पर्याप्त और पुख्ता सबूत पेश करने पर सबूतों और गवाहों के आधार पर उनको दोषी ठहराया। उस पर धारा 302 (हत्या) के तहत आजीवन कारावास और 5,000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया। साथ ही धारा 201 (साक्ष्य छिपाना) के अंतर्गत एक वर्ष का सश्रम कारावास और 500 रुपये अर्थदंड दिया। अर्थदंड अदा न करने पर आरोपी को 6 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा।

## सुरक्षा उपायों की हो रही तारीफ

कोरबा। खदानों में सुरक्षा को सर्वोपरि मानते हुए जी.एम. कुसमुंडा क्षेत्र एवं मेसर्स नीलकंठ इन्फ्रा माइनिंग लिमिटेड द्वारा सराहनीय कदम उठाया गया है। खदान परिसर में दोपहिया वाहनों की एंट्री पूर्णतः प्रतिबंधित कर दी गई है। यह निर्णय सुरक्षा मानकों के अनुरूप है क्योंकि प्रतिदिन दोपहिया वाहनों से दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती थी। अब कर्मचारियों को कार्यस्थल तक लाने-ले जाने के लिए कंपनी द्वारा वाहनों की व्यवस्था की गई है।
हालांकि प्रारंभिक स्तर पर कुछ कठिनाइयां सामने आई हैं, जैसे वाहन की कमी या निर्धारित स्थान से कर्मचारियों को लाने-ले जाने में असुविधा। प्रबंधन ने आश्वासन दिया है कि शीघ्र ही पार्किंग एरिया, लाइटिंग, सीसीटीवी कैमरा एवं पर्याप्त वाहनों की बेहतर व्यवस्था की जाएगी। विशेषकर बारिश के मौसम को देखते हुए आगामी 10 से 15 दिनों के भीतर इन व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया जाएगा।
कंपनी प्रबंधन ने अपने सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि कार्यस्थल तक केवल वाहन में बैठकर ही आएं, किसी भी स्थिति में वाहन के दरवाजे पर लटककर न आएं। साथ ही, कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण - हेलमेट, जूते, फ्लोरोसेंट जैकेट एवं पहचान पत्र - उपलब्ध कराए जा चुके हैं तथा इनके उपयोग पर जोर दिया गया है।


## शिव व सती से सीख लेकर जीवन को करें कृतार्थ:मृदुलकृष्ण

कोरबा। पीलीकोठी दीनदयाल मार्केट कोरबा में पितृ मोक्ष ज्ञान यज्ञ श्रीमद् भागवत कथा बिलोटिया परिवार ने रखी है। भागवत भूषण आचार्य मृदुलकृष्ण शास्त्र महाराज ने शिव सती कथा कपिल अवतार एवं सुखदेव जी की कथा विस्तार से श्रद्धालुओं को सुनाई। उन्होंने कहा कि आज के इस भौतिकवादी युग में स्त्री एवं पुरुष को श्री शिव एवं सती जी के जीवन से सीख लेकर अपने जीवन का उद्धार करना चाहिए । उन्होंने कहा कि इस सांसारिक भवसागर से पर होने के लिए श्रीमद् भागवत का ज्ञान यज्ञ ही एकमात्र उपाय है जिसका अनुसरण करने से जीवन धन्य हो सकता है। कथा में नगर के अनेक गणमान्य नागरिकों सहित मंत्री लखन लाल देवांगन, नगर पालिका परिषद दीपिका के वरिष्ठ पार्षद एवं जिला कार्य समिति सदस्य भारतीय जनता पार्टी कोरबा अरुणीश तिवारी, पत्रकार नितेश शर्मा भी सम्मिलित होकर आचार्य मृदुल कृष्ण शास्त्री महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया. कथा में प्रमुख रूप से दुली चंद्र, सत्यनारायणअग्रवाल, नगर पालिका परिषद दीपिका की पूर्व मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीमती रंजना अग्रवाल सहित अनेक आयोजक परिवार उपस्थित थे।



## कथा श्रवण करने कोरबा पहुंची भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पाण्डेय

कोरबा। पितृमोक्षार्थ गयाश्राद्धांतर्गत मातनहेलिया परिवार द्वारा श्रीमद भागवत कथा महा यज्ञ का आयोजन किया गया है यह आयोजन कोरबा के राताखार स्थित जश्न रिसोर्ट में किया गया है कथा के तीसरे दिन कथा सुनने भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पांडे कोरबा पहुंची जहां कोरबा के सी एस ई बी चौक मे जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी के नेतृत्व में तमाम भाजपा संगठन के पदाधिकारियो द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया तत्पश्चात सूश्री पाण्डेय, जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी एवं कार्यकर्ता गणों के साथ कार्यक्रम स्थल पहुंची जहां कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत पूर्व कैबिनेट मंत्री जय सिंह अग्रवाल भी कथा सुनने कार्यक्रम में शामिल हुए थे जहाँ सभी ने कथा का आनंद लिया तथा कथा समाप्ति के पश्चात सभी अतिथियों द्वारा श्रीमद् भागवत पुराण का आरती किया गया और प्रसाद ग्रहण कर अपनी गंतव्य की ओर प्रस्थान हुए द्य
इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ राजीव सिंह पार्षद हितानंद अग्रवाल डॉ राकेश राठौर मंडल अध्यक्ष योगेश मिश्रा, रमाकांत साहू, अजय चंद्रा, लक्कीनंदा मुनीराम साहू पवन सिन्हा आदि भारी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता गण एवं कथा श्रवण करतागण आम नागरिक कार्यक्रम में उपस्थित रहे ।





कोरबा। बुधवारी चौक स्थित रामजानकी मंदिर परिसर में जिला स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन सफलता पूर्वक सपन्न हुआ इस मेले में 1235 मरीजों का नि:शुल्क इलाज किया गया । जिसमें से 830 मरीजों का उपचार आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति तथा 405 का होम्योपैथी से किया गया कार्यक्रम में सफल बनाने के लिए राजपूत समाज के जिला अध्यक्ष अवधेश के नेतृत्व में उनकी के सदस्य विदेश पदम सिंह चंदेल, दिनेश सिंह, छन्नू सिंह, जितेन्द्र सिंह, प्रमेश चंदेल, सुरेन्द्र बहादुर एवं राज सिंह डटे रहे और मेला में पहुंचने वालो की ममद करते रहे

# कोल लिफ्टर की हत्या मामले में दूसरे पक्ष की हुई गिरफ्तारी

कोरबा-पाली। पाली क्षेत्र में उस वक्त गहमा-गहमी एक बार फिर बढ़ गई जब विगत महीने में हुए कोल लिफ्टर रोहित जायसवाल की हत्या के मामले में दूसरे पक्ष की गिरफ्तारी हुई। आज न्यायालय में दोनों पक्ष के अधिवक्ताओं में काफी जोरदार जिरह (बहस) हुई और उन्होंने अपने-अपने तर्क रखे। एक पक्ष की ओर से जहां अधिवक्ता ने रोहित जायसवाल के परिजनों व अन्य के विरुद्ध दर्ज धाराओं में गिरफ्तारी की बात जोर-शोर से रखी तो बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने अपना तर्क प्रस्तुत किया। दोनों पक्ष के तर्कों को सुनने के बाद न्यायालय के निर्देश पर गिरफ्तारियां कर इन्हें जेल भेजा गया।जिले के पाली ब्लाक में संचालित एसईसीएल कोरबा क्षेत्र अंतर्गत सरायपाली उपक्षेत्र कोयला खदान क्षेत्र में घटना दिनांक 28 मार्च 2025 की रात 10 से 11 बजे के मध्य कोयला लोडिंग को लेकर हुए विवाद में कोल लिफ्टर रोहित जायसवाल पर जानलेवा हमला किया गया जिसमें उसकी हत्या हो गई। इस मामले में जहां मृतक रोहित के भाई अनिल जायसवाल की रिपोर्ट पर रोशन सिंह ठाकुर सहित 16 लोगों के विरुद्ध पाली थाना में अपराध पंजीकृत किया गया। दूसरी तरफ रोशन सिंह ठाकुर के परिवार से श्रीमती संध्या ठाकुर के द्वारा रोहित जायसवाल के परिजनों व परिचितों के विरुद्ध तोड़फोड़, आगजनी व अन्य धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कराया गया। गैर जमानती धाराओं में दर्ज कराए गए अपराध में राहुल जायसवाल उर्फ ??अंकुश जायसवाल पुत्र उमाशंकर जायसवाल, कन्हैया जायसवाल उर्फ ??कृष्ण कुमार पुत्र विजय प्रकाश जायसवाल,अनिल कुमार जायसवाल पुत्र वेदप्रकाश जायसवाल, धर्मराज मरावी उर्फ ??धरमू मरावी पुत्र रामभरोसे मरावी (हत्या का चश्मदीद), राजेश डोंगरे पुत्र स्व. रामखिलावन डोंगरे (प्रत्यक्षदर्शी) व अन्य को आरोपी बनाया गया है।

# पूर्व मंत्री अग्रवाल ने दी बधाई

कोरबा। प्रदेश के पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने गणेश चतुर्थी व हरितालिका व्रत के पावन अवसर पर कोरबावासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। जयसिंह अग्रवाल ने अपने संदेश में कहा है कि सनातन धर्म में आदिकाल से यह परंपरा चली आ रही है कि किसी भी शुभ कार्य की शुरूआत गणेश जी की पूजा-अर्चना से ही की जाती है। इसीलिए गणेश जी को समस्त देवताओं में प्रथम पूज्य होने का स्थान प्राप्त है. श्री अग्रवाल ने इस अवसर पर कोरबावासियों के लिए सुख, शांति, समृद्धि, ऐश्वर्य, उत्तम स्वास्थ्य, उन्नति व यश-कीर्ति प्राप्त होने की कामनाएं किया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया है कि गणेश चतुर्थी का यह पावन पर्व कोरबावासियों को प्रसन्नता व खुशहाली की सौगात लेकर आएगा.हरतालिका व्रत के अवसर पर व्रती व सुहागिन महिलाओं को शुभकामानाएं व्यक्त करते हुए जयसिंह अग्रवाल ने उनके अखंड सुहागिन होने व सुखद दाम्पत्य जीवन की कामनाएं की हैं.

# छत्तीसगढ़ की साय सरकार टांय टांय फिस्स है :नागेंद्र गुप्ता



**चांपा।** छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बने 18 माह हो गये है लेकिन भाजपा सरकार द्वारा कोई उल्लेखनीय कार्य तो किया नहीं इसके विपरीत महंगाई से जूझती जनता को पहले विद्युत दर बढ़ाया अब पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के द्वारा 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ योजना को भी बंद करने का ऐलान कर दिया।

उक्त बातें जनसंपर्क एवं स्थानीय समस्याओं के संदर्भ में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता नागेंद्र गुप्ता ने कही उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार बुरी तरीके से फेल है छत्तीसगढ़ में बढ़ते अपराध रोज कहीं ना कहीं हत्या का प्रयास या हत्या हो रहा है छत्तीसगढ़ को पूरा अपराध का गढ़ बना दिया गया है चारों ओर अव्यवस्था का आलम है स्कूलों को बंद किया जा रहा है शराब दुकानें खोली जा रही है धड़ल्ले से ओवरलोड कोयला गाड़ी चल रही है और साथ ही वसूली भी चल रही है 15 जून से नई शिक्षा सत्र चालू हो गए हैं पहली से दसवीं तक हिंदी और अंग्रेजी माध्यम की पुस्तक सरकार उपलब्ध कराती आ रही हैं। आज दो माह हो गए स्कूल को खुले पुस्तक अभी तक नहीं मिल पाई है खेती किसानी का समय चल रहा है किसानों को खाद नहीं मिल पा रहा है ना ही विद्यार्थियों को पुस्तक ना ही किसानों को खाद ना तो युवाओं को रोजगार और हमारे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कहते हैं कि यहां के युवा रोजी-रोटी के लिए नहीं शौक से पलायन करते हैं कोई भी अपनी मातृभूमि को छोड़कर दूसरे जगह जाना पसंद नहीं करता मजबूरी में ही कोई घर छोड़कर बाहर जाता है।

मुख्यमंत्री सहित सभी मंत्रीगण कुछ भी बोल रहे हैं और तो और नगरी निकायों में लाइट लेने के लिए पैसे भी नहीं है स्कूलों को बंद करना नई शराब दुकान खोलना खनिज संपदाओं की बेतहाशा लूट वनों की अंधाधुंध कटाई सार्वजनिक वितरण प्रणाली में अच्छी राशन का वितरण का ना होना सड़कों का मरम्मत न होना वर्तमान भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार मे आए दिन सरकारी कर्मचारी हड़ताल में रहते हैं। कभी तहसीलदार कभी पटवारी कभी शिक्षक आए दिन कोई ना कोई कर्मचारी फेडरेशन हड़ताल पर जा रहे हैं लेकिन सरकार बेसुध है लोक कल्याणकारी नीतियो एवं प्रशासनिक व्यवस्था सहित हर मामले में साय सरकार टांय टांय फिस्स है स्थानीय नगरी निकाय में अभी तक नल कनेक्शन देना प्रारंभ नहीं किया है नियमित पेयजल की सप्लाई नहीं हो पा रही है वरिष्ठ नागरिक पेंशन के आवेदन पेंडिंग है राशन कार्ड में नाम जोड़ना काटना यह भी नहीं हो पा रहे हैं जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र भी समय में उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं मोहल्ला एवं मुख्य मार्ग के स्ट्रीट लाइट बंद है इन सब बातों पर उपस्थित जनों ने ध्यान आकृष्ट कराया जिस पर पार्षद एवं पूर्व पार्षद ने मिलकर व्यवस्था दुरुस्त करने की बात कही कार्यक्रम में पार्षद श्रीमती रामशिला गिरधर देवांगन, अमर देवांगन, राजेश्वर मिश्रा, कार्तिक देवांगन, सुरेंद्र देवांगन, सत्यनारायण देवांगन , गणेश मिस्त्री सुरेश मिस्त्री माखन लाल आदि उपस्थित थे



## भारतीय जनता पार्टी जांजगीर चाम्पा के जिला उपाध्यक्ष बने पंकज

**जांजगीर नैला।** प्रदेश भाजपा नेतृत्व के निर्देशानुसार प्रदेशाध्यक्ष किरण देव सिंह व संगठन महामंत्री पवन साय की सहमति से जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने अपनी नई टीम घोषित की जिसमे जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल को बनाया है पंकज की पहचान शुरु से ही पार्टी मे निष्ठावान कार्यकर्ता के रूप मे रही है उन्होंने अपनी राजनीतिक जीवन की शुरुआत अखिल विधार्थी परिषद से छात्रसंघ सचिव के रूप मे की थी वर्तमान मे वे पार्टी के जिला के मीडिया प्रभारी की है उनको जिला उपाध्यक्ष का दायित्व उनकी संगठन के प्रति निष्ठा को देखते हुए दिया गया है जिसके लिए उन्होने संगठन के प्रति अपना आभार व्यक्त किया है

## कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजनों की समस्याएं

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से जिले के नागरिकों की समस्याओं, शिकायतों एवं मांगों को सुना। कलेक्टर ने प्राप्त सभी आवेदनों के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में कुल 65 आवेदन प्राप्त हुए।

जनदर्शन में पामगढ़ तहसील के ग्राम पकरिया निवासी खोलबहरा साहू ने अपने भूमि के खाता विभाजन में आ रही समस्या को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित एसडीएम को जांच कर आवेदन का निराकरण करने में निर्देश दिए। इसी प्रकार तहसील जांजगीर अंतर्गत ग्राम सरखों के गोपाल प्रसाद साहू भूमिहीन मजदूर ग्रामीण एवं आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम पूटपुरा निवासी श्रीमती बिंदा यादव आवास योजना का लाभ दिलाने, तहसील बम्हनीडीह अंतर्गत ग्राम खपरीडीह निवासी श्रीमती जिता बाई धनवार राशन कार्ड में सुधार करने संबंधी आवेदन लेकर पहुंचे। जिस पर कलेक्टर ने आवेदनों का समय सीमा में एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जनदर्शन में राशन कार्ड, मुआवजा राशि दिलाने सहित अन्य विषयों से संबंधित कुल 65 आवेदन प्राप्त हुए।

## राज्य स्तरीय रोजगार मेला 9 और 10 अक्टूबर को, पंजीयन प्रारंभ

**जांजगीर-चांपा।** कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा और रोजगार विभाग द्वारा 9 व 10 अक्टूबर 2025 को राज्य स्तरीय रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि इस रोजगार मेले में जिले के अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। विभाग की वेबसाइट erojgar.cg.gov.in पर राज्य स्तरीय रोजगार मेला 2025 में उपलब्ध रिक्तियों की जानकारी प्रदर्शित की गई है। इच्छुक युवा वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त युवा जिला रोजगार कार्यालय जांजगीर-चांपा में उपस्थित होकर भी पंजीयन कर सकते हैं।

## दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम के प्रथम एपिसोड का प्रसारण 31 को

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन-बिहान के तहत किये जा रहे उत्कृष्ट कार्यों के सम्बन्ध में दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम के प्रथम एपिसोड का प्रसारण 31 अगस्त को दोपहर 12.15 बजे से प्रदेश के आकाशवाणी के समस्त केन्द्रों से किया जाएगा। कार्यक्रम में स्व-सहायता समूह की दीदीयों द्वारा अपनी सफलता की प्रेरणादायी कहानियां साझा की जाएगी।

## 140 बच्चों ने कराई जांच, नेत्रदान की जानकारी दी गई

**अकलतरा।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा नेत्र दान पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सांकर में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों की आंखों की जांच की गई, जिसमें कुल 140 छात्र-छात्राओं का परीक्षण किया गया।

## सांसद कमलेश जांगड़े के मुख्य आतिथ्य में महतारी सम्मेलन, मेगा हेल्थ कैम्प व बाल मेला का हुआ आयोजन

**जांजगीर-चांप।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन ''छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव'' के अवसर पर परियोजना बम्हनीडीह में परियोजना स्तरीय महतारी सम्मेलन, मेगा हेल्थ कैम्प, बाल मेला, व्यंजन, मेंहदी, रंगोली, मॉडल आ0बा0 केन्द्र का प्रारूप प्रदर्शन, पोषण मेला का आयोजन किया गया। जांजगीर-चांपा लोकसभा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने विकासखण्ड स्तर पर 10वीं एवं 12वीं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त बालिकाओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया एवं विविध प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों में भाग लेने वाले बालक-बालिकाओं को पुरस्कार प्रदान किया। इस दौरान सांसद ने तीजा पर्व की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया, जनपद पंचायत अध्यक्ष बम्हनीडीह मनीषा चौहान, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष बम्हनीडीह उत्तरा सिदार, स्थाई समिति अध्यक्ष श्रीमती अमृत बाई चौहान उपस्थित थे।



जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, बच्चों से विभिन्न खेल गतिविधियां, बालगीत, पेपर क्राफ्ट, खिलौने बनाना, नृत्य प्रस्तुति, ई.सी.सी.ई. गतिविधियों में बच्चों के विकास के 05 आयामों प्रदर्शिनी एवं आगनबाड़ी केन्द्र का प्रारूप प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही रंगोली, मेंहदी, व्यंजन प्रतियोगिताएं की गई।

जिसमें महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं द्वारा बढ़चढ़कर भाग लिया गया, मेगा हेल्थ कैम्प में 44 महिलाओं एवं 5 किशोरी बालिकाओं ने स्वास्थ्य जांच का लाभ लिया, छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत महोत्सव के तारतम्य में आंगनबाड़ी केन्द्रों के 25 वर्षों के महत्वपूर्ण कार्यों एवं उपलब्धियों को बताया गया।

बालिकाओं के शिक्षा, सुरक्षा, संरक्षण एवं सशक्त बनने का संदेश देने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ रैली निकाली गई। इस अवसर पर बालक-बालिकाओं की प्रस्तुति ने उपस्थित प्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## भाजपा की जिला कार्यकारिणी की घोषणा, पुष्पेंद्र को जिला कोषाध्यक्ष की मिली जिम्मेदारी

**जांजगीर चांपा ।** जिला जांजगीर चांपा के जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने प्रदेशाध्यक्ष किरणदेव सिंह व संगठन महामंत्री पवन साय की सहमति से जिला भाजपा कार्यकारिणी की घोषणा की है। जिसमें पुष्पेंद्र प्रताप सिंह जो पूर्व में जनपद पंचायत नवागढ़ के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के पद मे रह चुके है जिस पर भाजपा ने बड़ी जिम्मेदारी देते हुए जिला भाजपा कोषाध्यक्षा की जिम्मेदारी दी है।



क्या कहा पुष्पेंद्र प्रताप सिंह ने पुष्पेंद्र प्रताप सिंह ने कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने पर जिले के अध्यक्ष अंबेश जांगडे व भाजपा संगठन का धन्यवाद व्यक्त किया और इस बड़ी जिम्मेदारी को अच्छे से निभाने और भाजपा को जिले में मजबूती के लिए कार्य करने की बात कही ।

कार्यकारिणी के सदस्य कार्यकारिणी में निनलिखित नेताओं को नियुक्त किया गया है। उपाध्यक्ष धनंजय सिंह, श्रीमती रजनी साहू, आशुतोष गोस्वामी,पंकज अग्रवाल, समीर शुक्ला, लक्ष्मी चंद देवांगन, महामंत्री नंद चौधरी,श्रीमती नंदनी राजवाडे,मंत्री श्रीमती नुरेश्वरी श्रीवास, श्रीमती बिंझवार, कोषाध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह, सह-कोषाध्यक्ष राम खुबवानी, कार्यालय प्रभारी प्रदीप सराफ जिलाध्यक्ष को बनाया गया ।जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने कहा कि इस कार्यकारिणी के गठन से पार्टी को मजबूती मिलेगी और हम आपने कार्यों को और भी प्रभावी ढंग से कर पाएंगे। उन्होंने सभी नेताओं को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह कार्यकारिणी पार्टी के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है और हमें उम्मीद है कि हम अपने कार्यों में सफल होंगे। कार्यकारिणी के गठन का उद्देश्य पार्टी को मजबूत करना और अपने कार्यों को प्रभावी ढंग से करना है। जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने कहा कि हम अपने कार्यों में सफल होंगे और पार्टी के लिए एक महत्वपूर्ण योगदान करेंगे। जांजगीर चांपा में भाजपा की जिला कार्यकारिणी की घोषणा एक महत्वपूर्ण कदम है। इस कार्यकारिणी के गठन से पार्टी को मजबूती मिलेगी और हम अपने कार्यों को और भी प्रभावी ढंग से कर पाएंगे। हमें उम्मीद है कि यह कार्यकारिणी पार्टी के लिए एक महत्वपूर्ण योगदान करेगी।



## म्यूल एकाउंट के जरिये लगाई चपत, तीन आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** पुलिस ने साइबर ठगी के एक बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए 1 करोड़ 62 लाख रुपए की मनी म्यूल धोखाधड़ी का खुलासा किया है। मामले में पुलिस ने सक्ती जिले से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है। पूछताछ में बड़े गिरोह का खुलासा हो सकता है।

यह मामला चांपा थाना क्षेत्र का है। दरअसल, ICICI बैंक की चांपा शाखा से 1.62 करोड़ रुपए का अवैध ट्रांजैक्शन पकड़ा गया। इसके अलावा 100 से अधिक संदिग्ध खातों की पहचान हुई है। जांच में पता चला है कि आरोपी मनी म्यूल के माध्यम से फर्जी खातों का इस्तेमाल करते थे।

इन खातों के जरिए वे अवैध रकम को एक जगह से दूसरी जगह ट्रांसफर करते थे। इस पूरे मामले में पुलिस ने पंकज कुमार खूंटे, बलराम यादव और हरीश यादव को गिरफ्तार किया गया है। जिन्हें कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

एसडीओपी यदुमणि सिदार का कहना है कि समन्वय पोर्टल के जरिए साइबर सेल को अवैध ट्रांजैक्शन के बारे शिकायत मिली थी। जिसके बाद चांपा थाना में शिकायत दर्ज कराई गई थी। तीन केस में 1.62 करोड़ का ट्रांजैक्शन पाया गया है।

इस मामले में आरोपी के खिलाफ ठगी का मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच जारी है। आरोपी किसके लिए काम करते थे, इसकी भी जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मनी म्यूल एक ऐसा व्यक्ति होता है जो आपराधिक समूहों को उनके अवैध रूप से कमाए पैसे को वैध बनाने में मदद करने के लिए अपने बैंक खाते का इस्तेमाल करने देता है। यह व्यक्ति या तो जानते हुए या अनजाने में, एक तीसरे पक्ष से पैसे प्राप्त करता है और फिर उन्हें दूसरे खाते में स्थानांतरित कर देता है या नकद निकालकर किसी और को दे देता है।

## भादो में जारी रहेगी बारिश, मौसम विभाग ने सतर्क किया

**जांजगीर।** जिलों में अगले सप्ताहभर तक हल्की से मध्यम बारिश होगी। अभी वर्षा की गतिविधियां थोड़ी कम है। 27 अगस्त से इसमें वृद्धि की संभावना है। यह 30-31 अगस्त तक जारी रहेगी।



अगले 24 घंटे के दौरान ओडिशा-पश्चिम बंगाल के तटों से लगे हुए उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में एक कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। इसके प्रभाव से पूरे प्रदेश में बारिश की गतिविधियां सक्रिय होंगी। जिले में 1 जून से अब तक करीब 1012 मिमी बारिश हो चुकी है।

# रेत घाटों पर प्रतिबंध लेकिन अवैध डंपिंग जोरों पर

**शिवरीनारायण।** नगर में इन दिनों रेत रेत माफिया ने पहले ट्रैक्टरों के माध्यम से सैकड़ों ट्रिप रेत का अवैध भंडारण कराया। अब रात के अंधेरे का फायदा उठाकर ट्रैक्टरों से भंडारित कराए गए रेत को हाइवा से लोड करवा कर बेच रहे हैं। कार्रवाई करने में खनिज विभाग के जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं।



नगर के केरा रोड बाईपास में पेट्रोल पंप के सामने, केरा रोड़ हॉटल राघव इन के पीछे व केरा रोड के पवन फ्यूल्स के सामने भट्टा में बड़ी मात्रा में अवैध रेत का भंडारण कराया हैं। जिसे रात के समय हाइवा में लोड कराकर बेचा जाता है। रात होते ही नगर की सड़कों में हाइवा वाहनों का आना शुरू हो जाता हैं। हाइवा चालकों के पास रेत माफियाओ का मोबाइल नंबर होता है।

माफिया मोबाइल के माध्यम से हाइवा चालकों को निर्देश देते रहते हैं और जिन जगहों पर रेत की डंपिंग कराई गई है, वहां हाइवा में जेसीबी मशीन से रेत लोड कराई जा रही है। यह प्रकिया रात भर चलती है। रात भर मे पचास से अधिक हाइवा रेत का अवैध कारोबार रेत माफिया करते हैं। रेत माफिया ये जानते हैं कि खनिज विभाग और राजस्व विभाग के अधिकारी रात में कार्रवाई करने नहीं पहुंचते, इसी का फायदा उठाकर रेत माफिया रातभर काली कमाई कर रहे हैं। रेत की चोरी से खनिज विभाग को रोजाना लाखों रुपए की रॉयल्टी का नुकसान उठाना पड़ रहा है।

रेत के अवैध भंडारण की जानकारी मिली है- टेकेंद्र रेत का अवैध भंडारण कराने की जानकारी संज्ञान में आई है। टीम भेजकर जांच कराएंगे। रेत का अवैध भंडारण कराकर बेचने वालो के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।
-टेकेंद्र नुरूटी, तहसीलदार, शिवरीनारायण

## कमजोर गुणवत्ता की पोल खोली मकान के झज्जे ने

**सक्ती।** डभरा में दोपहर 3 बजे एक निर्माणाधीन मकान में हादसा हुआ। ग्राम ठनगन में गणेश राम सुरेश कुमार टंडन के मकान में ढलाई का काम चल रहा था। इसी दौरान मकान का छज्जा अचानक गिर गया। हादसे में एक मजदूर मलबे में दब गया। मजदूर की पहचान चंद्रपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मिरौनी निवासी योगराज यादव (35) के रूप में हुई। छज्जा गिरने की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने मलबे में से योगराज को बाहर निकाला। घायल योगराज को तुरंत डभरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए रायगढ़ रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही डभरा की 112 पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थिति की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी।



## सांस्कृतिक नगरी रायगढ़ में भगवान गजानन की ऊंची प्रतिमाएं करेंगी लोगों को सम्मोहित

**रायगढ़।** रायगढ़ में गणेश चतुर्थी पर भगवान श्री गणेश की प्रतिमा स्थापना की जाएगी। शहर में दो जगह भव्य रूप से गणेश पूजा मनाई जाती है। नटवर स्कूल परिसर में 15 फीट और रायगढ़ स्टेडियम के सामने 11 फीट की प्रतिमा स्थापित की जाएगी।

चक्रधर नगर रोड स्थित रायगढ़ स्टेडियम के सामने चक्रधर नगर गणेश पूजन, जनजागरण, सांस्कृतिक और पर्यावरण सेवा समिति ने गणेश चतुर्थी मनाने की शुरुआत पिछले साल से की। यहां इस साल भव्य पंडाल महाराष्ट्र के सिद्धी विनायक मंदिर के थीम पर बनाया जा रहा है।

समिति के सदस्यों ने बताया कि इस साल आकर्षक रूप से सड़क पर लाइट और झालरों की सजावट की गई है। गणेश प्रतिमा 11 फीट 7 इंच की है और पंडाल तकरीबन 85 फीट ऊंचा होगा।

समिति के राहुल शर्मा, संतोष परमानिक,आकाश शर्मा, लिनू जॉर्ज, टाशा परमानिक, सेल मैथ्यू, आकाश बनर्जी राजू मजूमदार, महिप टुटेजा, अंशु पाणीग्राही, दीपक, कलाराम,अनिल साहू मुकेश बरेठ, मनोज शाह, अमित गोस्वामी, उत्तम चौधरी,



कैलाश मेहानी,ओमप्रकाश मीरे, विकास डनसेना, हितेंद्र जलछत्री, राहुल सिंह, खगेश दिवंगन, भूपेंद्र देवांगन और अन्य सदस्यों ने गणेशोत्सव को लेकर तैयारियां लगभग पूरी कर ली है।

**महाराष्ट्र मंडल के गणेशोत्सव का 86वां वर्ष**

नटवर हाई स्कूल के परिसर में महाराष्ट्र मंडल की ओर रे गणेशोत्सव बड़े ही धूमधाम और आस्था के साथ मनाया जाता है। महाराष्ट्र मंडल के सचिव अरूण कातोरे ने बताया कि इस बार महाराष्ट्र मंडल के गणेशोत्सव का 86वां साल है। बड़े-बुजुर्गों की शुरू की गई परांपरा को लगातार निभाया जा रहा है। इस साल 15 फीट की प्रतिमा की स्थापना यहां की जाएगी।

## दो दिन बाद मिला एनीकट में लापता युवक का शव

**जांजगीर।** पामगढ़ क्षेत्र के ढाबाडीह कोसिर एनीकट में सोमवार को डूबे युवक का शव 27 घंटे की मशक्कत के बाद बरामद किया गया। मृतक की पहचान 23 वर्षीय पारस कुर्रे, निवासी धनगांव थाना पामगढ़ के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, युवक सोमवार सुबह करीब 11 बजे नहाने के दौरान एनीकट में बह गया था। घटना की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की जांजगीर और बिलासपुर टीमों ने मौके पर पहुंचकर सर्च ऑपरेशन शुरू किया। खोज अभियान के बाद युवक का शव घटनास्थल के आस पास बरामद हुआ। स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्यवाही की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## मारपीट करने के आरोप में गांव के सरपंच व अन्य लोगों पर केस दर्ज

**जांजगीर।** ग्राम मधुवा स्थित 33/11 केवी विद्युत सबस्टेशन में बीते दिनों दो अलग-अलग घटनाओं में आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा जबरन घुसकर ऑपरेटर से मारपीट, गाली-गलौज और बिजली आपूर्ति बाधित करने का गंभीर मामला सामने आया है। मामले में संबंधित जूनियर इंजीनियर द्वारा अकलतरा थाना रिपोर्ट दर्ज करवाया है।

जब ग्राम मधुवा के एक मोहल्ले की बिजली बंद होने पर ग्राम पंचायत के सरपंच शक्ति साहू व अन्य ने सबस्टेशन में घुसकर ड्यूटी पर तैनात ऑपरेटर अयोध्या प्रसाद के साथ मारपीट की, गाली-गलौज की और क्षेत्र की सभी विद्युत लाइनों को जबरन बंद करवा दिया। इस दौरान शासकीय उपकरणों को क्षतिग्रस्त करने की भी कोशिश की गई।

मधुवा गांव में खराब ट्रांसफार्मर बदले जाने के दौरान पूर्व सरपंच अजय साहू, नव-निर्वाचित उपसरपंच अंशु ठाकुर और अन्य ग्रामीणों ने सबस्टेशन में घुसकर ड्यूटी पर तैनात ठेका कर्मचारी ऑपरेटर भूपेश डोंगरे से गाली-गलौज कर काम में बाधा डाली और क्षेत्र की बिजली आपूर्ति को बंद करवा दिया। इन घटनाओं के कारण 33/11 केवी मधुवा सबस्टेशन से जुड़े कुल 13 ग्रामों की बिजली आपूर्ति बाधित रही। जेई द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

## प्राण घातक हमला के आरोपियों को सात साल की सजा

**जांजगीर।** गांव में बारात के दौरान नाचने को लेकर हुए विवाद में डंडा और चूड़ा से जानलेवा हमला करने वाले चारों आरोपियों को कोर्ट ने सात-सात साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। मामला 20 जून 2023 का है, जब सत्यम कदर ने बलौदा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया कि 23 जून को ग्राम कुचेना (कोरबा) से ग्राम सत्तीगुड़ी बारात आई थी।



रात 9 बजे बारात में नाचने को लेकर गांव के लड़कों व बारातियों के बीच विवाद हो गया। इसके बाद अजीत उर्फ लालू, दुर्गेश कंवर, आशीष बंजारे और अजय उर्फ गोलू ने सत्यम और छबीलाल पर डंडा और चूड़ा से बेरहमी से हमला किया। हमले में छबीलाल गंभीर रूप से घायल हुआ। उसे तुरंत बिलासपुर रेफर किया, जहां इलाज के बाद उसकी जान बच गई।

## अनमोल वचन......

अगर किसी चीज़ को दिल से चाहो तो पूरी कायनात उसे तुमसे मिलाने में लग जाती हैं.....

# भारत-चीन संबंधों में सुधार

*चीन को अहसास है कि भारत ने कुछ अमेरिका के बदले रुख और कुछ आर्थिक जरूरतों के कारण उसकी तरफ हाथ बढ़ाया है। तो उसकी सोच है कि भारत और अमेरिका के बीच दूरी जितनी बढ़ाई जा सके, वह उसके दीर्घकालिक हित में होगा। भारत- चीन के संबंधों में जिस तेजी से सुधार हो रहा है, उन पर सहज यकीन नहीं होता। चीनी विदेश मंत्री वांग यी की भारत यात्रा के दौरान माहौल सतर्कता भरी गर्मजोशी का रहा। ऐसा महसूस हुआ कि फिलहाल भारत सरकार का जो मन बदला है, चीन उसका पूरा फायदा उठा लेने की फिराक में है। चीन का मकसद रणनीतिक है। उसे अहसास है कि भारत ने कुछ अमेरिका के बदले रुख और कुछ आर्थिक जरूरतों के कारण उसकी तरफ हाथ बढ़ाया है। तो चीन की सोच संभवतः यह है कि इस मौके पर भारत और अमेरिका के बीच दूरी जितनी बढ़ाई जा सके, वह उसके दीर्घकालिक हित में होगा। नतीजतन, वांग की यात्रा के दौरान चीन ने रेयर अर्थ, अन्य खनिजों एवं उर्वरकों का भारत को निर्यात की इजाजत देने के संकेत दिए। दोनों देश सीधी विमान सेवा और सीमा व्यापार फिर शुरू करने की ओर भी आगे बढ़े हैं। चीन ने तिब्बत में बन रहे दुनिया के सबसे बड़े बांध के कारण ब्रह्मपुत्र नदी में दल के बहाव के बारे में भारत में फैली चिंता का समाधान करने की कोशिश भी की। वांग सीमा वार्ता के लिए नई दिल्ली आएथे। इस दिशा में भी प्रगति हुई। सीमा निर्धारण के लिए विशेषज्ञ दल बनाने का निर्णय हुआ है। वांग की यात्रा के दौरान सबसे प्रमुख घटना उनकी प्रधानमंत्री से मुलाकात रही, जिस दौरान नरेंद्र मोदी ने शंघाई सहयोग संगठन की चीन में होने जा रही शिखर बैठक में भाग लेने की पुष्टि कर दी। मोदी ने कहा- 'भारत और चीन के बीच स्थिर, पुर्वानुमेय एवं रचनात्मक संबंध का क्षेत्रीय एवं वैश्विक शांति और समृद्धि में महत्त्वूपर्ण योगदान होगा।' मगर कई पेच बाकी हैं। उनमें सीमा विवाद सिर्फ एक है। गौरतलब है कि वांग नई दिल्ली से सीधे पाकिस्तान गए हैं। दक्षिण एशिया में चीन और भारत की रणनीतियों में टकराव के पहलू बने हुए हैं। उनके रहते दोनों देश समान मकसद के लिए काम कर पाएंगे, इसकी संभावना कम दिखती है। इसीलिए ये सवाल उठा है कि क्या दोनों देश फिलहाल अपने संबंधों में सिर्फ फ़ौरी एडजस्टमेंट कर रहे हैं।*

## राशिफल

**मेष राशिः** मेष राशि वालों के लिए आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी नए वाहन को खरीदने की इच्छा पूरी होगी, जिससे घर में उत्साह का माहौल बना रहेगा। आज आप जीवनसाथी के साथ बैठकर किसी मुद्दे को सुलझाने में सफल रहेंगें। आज आप अपने बिजनेस में कुछ नए उपकरणों को शामिल करेंगे, तो आपको अच्छा लाभ अवश्य मिलेगा ।

**वृषभ राशिः** आज का दिन आपके लिए अनुकूल बना रहेगा । आज आपकी किसी खास व्यक्ति से मुलाकात होगी, जिससे मिलकर आपको ख़ुशी होगी । इस राशि के विदेश जाने की इच्छा रख रहे व्यक्तियों को अच्छा मौका मिल सकता है, आपकी फैमली आपको पूरा सपोर्ट करेगी ।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। आज आप अपने काम को बेहतर तरीके से पूरा करेंगें, जिससे आपके काम की तारीफ होगी । आज आप थोड़ा समय एकांत में या किसी धार्मिक स्थान पर बिताएंगे, आपको मानसिक शांति मिलेगी। आज शाम को आप माता जी से भविष्य को लेकर विचार-विमर्श करेंगे, आपको माता जी का साथ मिलने से ख़ुशी होगी ।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज किसी की मदद से आपके सरकारी कार्य बनेंगें । आज आप अपनी संतान के साथ पिकनिक के लिए जा सकते हैं। उनके साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। आज आपके नए व्यक्तियों के साथ सम्पर्क बनेगें, जो आपके व्यापार के लिए लाभदायक साबित होंगें।

**सिंह राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आप अपने कारोबार को आगे बढ़ाने का विचार कर सकतें हैं। आज आपके ऊपर परिवार की जिम्मेदारी आएंगी, जिसे आप बखूबी पूरा करेंगे। इस राशि के जो छात्र घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे हैं, वो आज अपने परिवार से मिल सकते हैं।

**कन्या राशिः** आज का दिन आपके लिए आनंदायक रहने वाला है 7 आज आपको नौकरी में प्रमोशन मिलने की संभावना बन रही है, आपके किसी काम से बॉस आपसे खुश रहेंगें। आज आपके कॉलेज का मित्र आपसे मिलने आएगा, जिससे मिलकर आपकी पुरानी यादें ताजा होंगी।

**तुला राशिः** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आप बिजनेस में अच्छा धन लाभ कमायेंगें, जिससे आपको ख़ुशी मिलेगी7 आज आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा। आज आप अपने खर्चों को नियंत्रित करें, जिससे आपको धन संचय करने में आसानी रहे। आज आपको किसी व्यक्ति से जीवन का अहम् सबक सीखने को मिलेगा।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन आपके लिए कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज रोजगार में आपके लिए नए रास्ते खुलेंगें, जिनका लाभ लेकर आप अपनी मंजिल तक पहुँच सकतें हैं। आज ऑफिस में आपको नया प्रोजेक्ट मिलेगा, जिसे पूरा करने में कलीग आपकी सहायता करेंगें। आज पिता का आशिर्वाद आप पर बना रहेगा और अपनी उर्जा से आप बहुत कुछ हासिल करेंगे बस अपनी काबिलियत पर भरोसा रखें।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आप काम करने के तरीकों में बदलाव करेंगे और अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखेंगें, तो इससे आपके काम जल्दी निपट जायेंगें। आज आप किसी काम को करने में सफल रहेंगें, जिससे आपको तारीफ मिलेगी। आज आप अपनी भावनाओं को कण्ट्रोल में रखें और बेवजह की चीज़ों में उलझने से बचें।

**मकर राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज पेंडिंग पड़े कार्यों को पूरा करने का दिन है, इसलिए आप दिन भर का शेड्यूल तैयार कर लें। आज आपका मित्र आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है, आप उसे निराश नहीं करेंगे अपनी सामर्थ्य के अनुसार सहायता करेंगे। आज आप आपकी रूचि सामाजिक कार्यों में रहेगी, किसी वरिष्ठ के माध्यम से आपको मान सम्मान मिलेगा।

**कुंभ राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आप जीवनसाथी के साथ मिलकर किसी कारोबार की शुरुआत कर सकते हैं। आज आपको संतान से खुशखबरी प्राप्त होगी, ये उनके करियर को लेकर भी हो सकती है। इस राशि की जो महिलाएं बिजनेस कर रही हैं उनका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा, लेकिन शाम का समय अपनी फैमिली के साथ बिताएंगी, जिससे आपको ख़ुशी मिलेगी।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल बना रहेगा। आज व्यापारिक से दृष्टि आपका दिन अच्छा है, आज आप बड़ा धन लाभ कमायेंगें। सेहत के लिहाज से आज आप खुद को तंदरुस्त महसूस करेंगे। इस राशि के मार्केटिंग से जुड़े व्यक्तियों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। आज आप किसी मामले को शांति से सुलझाने की कोशिश करे, तो सब ठीक होगा। आज आप शाम को दोस्तो के साथ अधिक समय बितायेंगे उनके साथ भविष्य को लेकर विचार करेंगे।

# पुराना नारा नए मौसम के लिए चमका दिया

//श्रूति व्यास//

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन में हर साल भारत को एक नए सवेरे का वादा मिला है! हर वर्ष का हिसाब यदि लगाए तो प्रति वर्ष नई थीम पर एक नारा, एक प्रण और शुरू एक काउंटडाउन। मतलब कल हमेशा नए नाम से, नई पैकेजिंग में लौट आता है! मानो पूरा देश एक स्थायी वेटिंग रूम में नए वादों की स्थाई इंतजारी की नियति लिए हुए हो। और ऐसा इस स्वतंत्रता दिवस पर भी हुआ। पुराना नारा नए मौसम के लिए चमका दिया गया—पुरानी शराब, नई बोतल। और सोमवार तक उसके पैकेज को सरकार ने बाकायदा और महत्वाकांक्षी, और तात्कालिक तथा लुभावना बना दिया।**

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने नए नए जुमले के साथ नया अध्याय खोला–100 दिन का ट्रांसफॉर्मेशन एजेंडा, और यह भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की तेज़ रफ़्तार यात्रा का कथित रोडमैप है। प्रधानमंत्री के लालक़िले के संकल्पों पर आधारित यह योजना पंच प्राणों का सहारा लेती है–एकता, कर्तव्य, धरोहर और औपनिवेशिक मानसिकता का त्याग। उन्होंने कहा कि हर नागरिक, इस सामूहिक सफ़र का हिस्सेदार बनेगा।

लेकिन यह सब सुनना अजीब तरह से क्या पहले जैसा ही कुछ नहीं है। वही अनुभव कि अगली पंद्रह अगस्त तक के लिए नया झूनझूना!

अब सबकों अनुभव है कि प्रधानमंत्री मोदी की राजनीति डिलीवरी पर नहीं बल्कि लोगों की इंतज़ारी को आगे बढ़ाती हुई होती है। अब तो इंतजार का 1947 तक का समय तय हुआ है। 'मेक इन इंडिया' से 'डिजिटल इंडिया', आत्मनिर्भर भारत से अमृत काल तक–हर नारा वर्तमान को भूमिका बना देता है और असली वादा उस क्षितिज पर धकेल देता है, जो हमेशा सालो साल दूर खिसकता जाता है। कल की राजनीति देश की गति, रफ्तार का आयाम बनता है, पर अभी तक जो हुआ है, आज का हिसाब नहीं करती। यही कारण है कि 100 दिन का एजेंडा एक नई शुरुआत से ज़्यादा एक दोहराई हुई स्क्रिप्ट लगती है। भारत यह धुन पहले भी सुन चुका है–परिवर्तन, तेज़ रफ़्तार, नियति। अगर अब हम दौड़ने का संकल्प ले रहे हैं, तो पिछले ग्यारह साल क्या कर रहे थे। अगर 2047 मंज़िल है, तो हम अभी भी एजेंडे, घोषणा की बाते ही क्यों करते हुए है। क्यों शुरुआती लाइन पर खड़े हैं।

यह याद रखने लायक है कि भारत ने पहले भी एक ऐसे दौर को जिया है जब विज़न गढ़े जाते थे। आज़ादी के बाद प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने स्टील कारखानों, वैज्ञानिक संस्थानों और बाँधों को आधुनिक भारत के मंदिर कहा था। तब यह केवल कथा थी, दृष्टि का छलावा। पर समय बीतने के साथ प्रतीक ढाँचे बने–ईंट-पत्थर में जमी महत्वाकांक्षाएँ। प्रगति के अमूर्त विचार को आकार मिलने लगा। फ़ैक्टरी फ़्लोर पर चला जा सकता था, बाँध की दीवारें उठते देखी जा सकती थीं, आईआईटी परिसर में दाख़िला लिया जा सकता था। यह उस भविष्य के ठोस प्रमाण थे जो बन रहा था।अब ढर्रा बदल गया है। अब अमूर्त विकसित भारत है। मोदी सरकार की कल की राजनीति याकि 2047 की बाते, झांकी अलग तरह की है। उनके नारे–मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, अमृत काल–ठोस नींव, ठोस इमारत, ठोस निर्यात व्यापार, ठोस कल-कारखानों में नहीं बल्कि जुमलों, भावनाएँ और वादे, संकल्प लिए हुए हैं। अब योजना-काम- परिणाम की पंचवर्षीय योजनाएं नहीं है बल्कि इंतज़ार और काउंटडाउन की कोरियोग्राफ़ी पर पनपते हैं, जहां भविष्य हमेशा सुनहरा होता लगेगा लेकिन हमेशा टलता हुआ और टाइमलाईन बढ़ाता हुआ। जबकि नेहरू ने कम-से-कम संस्थान बनाए, वे कारखाने-बांध खड़े किए थे जिन्हें मापा जा सकता था। वही प्रधानमंत्री मोदी लगातार कहानी-कथाएँ सुनाते है जिन्हे बार-बार दोहराते हुए भी यह नहीं लगता है कि वे थक रहे हो या लोग सुनते-सुनते थक गए हो।

इस स्क्रीप्ट में नया 100 दिन का एजेंडा सटीक है। यह तात्कालिकता को दृश्य बनाता है–मानो बारहवें साल में भी सरकार अभी-अभी दौड़ शुरू कर रही हो। लेकिन अगर अब तेज़ रफ़्तार है, तो पिछले ग्यारह साल क्या थे? अगर 2047 मंज़िल है, तो स्टेशन पर क्या तब तक इंतज़ार ही करते रहना है। क्यों। यह सिर्फ़ भाषण का सवाल नहीं है, यह नई राजनीति का एक चिरस्थाई सा ढाँचा बनता लगता है। हमेशा वादा, मगर शायद ही कभी डिलिवरी और कभी खत्म नहीं होने वाला सिलसिला।

2020 का आत्मनिर्भर भारत अभियान याद कीजिए। महामारी के चरम पर जब सप्लाई चेन टूट रही थी, प्रधानमंत्री ने असुरक्षा, आपदा को ही अवसर बता बड़े सपने बनाए थे। आत्मनिर्भरता सरकार की नीति नहीं बल्कि दर्शन बना दी गई–मानो यह नियति हो। शब्दों ने आत्म निर्भरता को दृढ़ संकल्प का रूप दिया। उस क्षण में हौसला बढ़ा, पर प्रयोगशालाएँ, सप्लाई चेन, निवेश–जिनसे सच्ची आत्मनिर्भरता आती है–कभी नहीं बने। पाँच साल बाद नारे और वास्तविकता का अंतर और गहरा है। तेल से लेकर सेमीकंडक्टर तक, भारत अब भी आयात पर निर्भर है। डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ़ नीतियाँ–आज 25, कल 50–उस मायाजाल को तार-तार बना देती हैं, जो विपक्ष के बूते में भी नहीं है। समय ही बताता है कि न भारत आत्मनिर्भर हुआ है और उसके दूर-दूर तक कोई लक्षण है।

और यह नेहरू के आधुनिक मंदिरों बनाम मोदी के संकल्पों, एजेंडों, जुमलों और नारों का बुनियादी फर्क है। नेहरू के स्टील प्लांट, रिफाईनरी, सरकारी प्रतिष्ठानों, बाँधों ने लोगों का विस्थापन किया हो या सरकारी भ्रष्टाचार बनवाया हो, वे संस्थान लड़खड़ाए, बावजूद इसके वे सब आज भी खड़े हैं। उनकी आलोचना हो सकती है, समीक्षा हो सकती है, सुधार हो सकता है। मगर जुमले और नारे तो आलोचना से भी परे हैं। संकल्पों और प्रतिज्ञाओं को कोई नहीं मांप सकता है बस उन्हे दोहराते रहा जाता है।

इसीलिए 100 दिन का एजेंडा अपने वादों से ज़्यादा सियासी डिज़ाइन को उजागर करता है। तात्कालिकता यहाँ डिलीवरी नहीं, बल्कि झांकी व दृश्य है। यह एक ऐसे शासन का आभास देता है, जो मानो नयी ऊर्जा से दौड़ रहा हो, जबकि वह असल में सत्ता में बारहवें साल में है। काउंटडाउन पॉलिटिक्स–100 दिन, 5 प्रण, 2047–मोदी युग के गवर्नेंस की वह व्याकरण है जो संख्यात्मक, लयबद्ध, दोहराने में भरपूर आसान है लेकिन रियलिटी और अनुभवों में मापने में कठिन।

वाणिज्य मंत्री गोयल ने एजेंडा विरासत, परंपरा और औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्ति को फ़्रेम में रखा। इससे विकास एक सभ्यतागत परियोजना में बदल जाता है, जिसमें कठिनाइयाँ देशभक्ति का त्याग कहलाती हैं। नौकरियाँ नहीं आतीं, अस्पताल फंड नहीं पाते, स्कूल पिछड़ते हैं–तो इसका कारण बताया जाता है कि हम औपनिवेशिक बोझ उतार रहे हैं। सो नागरिकों को सिर्फ़ लाभार्थी नहीं बल्कि त्यागी सैनिक बनना चाहिए ताकि हम एक ऐसे मार्च, एक ऐसी परेड़ का हिस्सा बने जिसका गंतव्य 2047 होगा। अर्थात हमेशा कल।

लेकिन नारों पर कविता कर सकते है लेकिन उसके लिए आंकड़े, अंक कैसे बनेगे? भारत तो जीडीपी का केवल 0.7 अनुसंधान और विकास पर खर्च करता है। मतलब अमेरिका (3.6) और चीन (2.4) से बहुत पीछे। वैश्विक नवाचार सूचकांक पर भारत 39वें स्थान पर है। बेरोज़गारी रिकॉर्ड स्तर पर है, कृषि संकट हर साल गहराता हुआ है, और जलवायु आपदाएँ–बाढ़, भूस्खलन, लू–अब मौसम की परिभाषा बन चुकी हैं। इस सबकों, तमाम समस्याओं को क्या सिर्फ वादों से सुलझाया जा सकता। जाहिर है विकास ख्याली- स्मृति-कार्य नहीं है बल्कि ठोस कारखानों (कैसे बांग्लादेश ने भारत को परंपरागत वस्त्र उद्योग में भी पछाडा), ढाँचे, निवेश और नवाचार से बनता है। जब तक भारत इसकी बुनियाद पर निवेश याकि प्रयोगशालाएँ, मज़बूत सप्लाई चेन, स्वास्थ्य, शिक्षा को सुधारेगा नहीं कोई खांका नहीं बनना है।

सो कहानी सिर्फ़ अर्थशास्त्र की नहीं, राजनीति के स्वरूप की है। शासन अब कार्यक्रमों से कम और प्रदर्शन से ज़्यादा जुड़ा है। आत्मनिर्भर भारत कोई नीति दस्तावेज़ नहीं, बल्कि एक कथा थी। 100 दिन का एजेंडा कोई सुधार ब्लूप्रिंट नहीं है, बल्कि एक कागजी पटकथा भर है। इसका मक़सद डिलीवरी नहीं, बल्कि ध्यान भटकाना है–आज की समस्याओं से नज़रें हटाकर कल्पित भविष्य की ओर मोड़ना।

शायद इसी कारण मोदी की राजनीति लगातार उड़ती हुई है। इससे नागरिकों को केवल नीतियाँ नहीं, बल्कि नियति, कर्तव्य और सभ्यता के बड़े आख्यान, कथाएं मिलती है। कठिनाई त्याग बन जाती है; देरी अनुशासन। जहां नीति फिसलती है, वहां कविता संभाल लेती है।

लेकिन दुनिया का मामला अलग है। वह इतनी आसानी से प्रभावित नहीं होती। ट्रंप के टैरिफ़ सिर्फ़ व्यापार नीति नहीं, बल्कि आईना हैं। वे दिखाते हैं कि आत्मनिर्भरता के नारे और बाहरी निर्भरता का अंतर्विरोध कितना गहरा है। और पता पड़ता हैं कि जुमलों की कथा रणनीति का विकल्प नहीं है और देश का नरेटिव कंट्रोल बाहरी झटकों से अर्थव्यवस्था को कतई बचा नहीं सकता। भारत दुनिया की अगली कार्यशाला बनने का दावा करता है, लेकिन बिना नवाचार के वह दूसरों की डिज़ाइन का कारख़ाना भर रहेगा। 140 करोड लोगों की एक विशाल अर्थव्यवस्था, लेकिन औसत नवाचार प्रोफ़ाइल वाली।

इस तरह बात फिर कल पर आ ठहरती है। जैसे-जैसे भारत 2047 की ओर बढ़ रहा है, यह सवाल बनेगा कि क्या हम मंदिर बनाएँगे या टैगलाइन गढ़ेंगे। नेहरू की विरासत पर विवाद हो सकता है, पर उसने भारत को बहस करने लायक ढाँचा तो दिया था। उस नाते मोदी की विरासत कहीं ज़्यादा क्षणभंगुर न रह जाए–प्रदर्शन की राजनीति, जो वादों को हमेशा टालती रहती है। 100 दिन का एजेंडा निस्संदेह सुर्खियाँ बटोरेगा। यह अगले 100 दिनों का आख्यान बनेगा, जब तक कि कोई नई कछा, नया नारा न गढ़ लिया जाए। पर भारत तो कुल मिला कर उसी कल (2047) की ओर मार्च करता रहेगा–जो कभी आता ही नहीं।

# चुनाव आयोग खुद एक ऐसी मजबूर संस्था

//हरिशंकर व्यास//

**देश में गिनी चुनी संस्थाएं थीं, जिनके कामकाज को देश के अंदर और बाहर भी सराहा जाता था। उनमें एक संस्था चुनाव आयोग था। टीएन शेषन के समय लोगों ने जाना कि चुनाव आयोग एक संस्था होती है और वह चाहे तो सरकारों को कुछ भी करने के लिए मजबूर कर सकती है। लेकिन अब चुनाव आयोग खुद एक ऐसी मजबूर संस्था दिख रही है, जिस पर दया आती है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने दोनों चुनाव आयुक्तों के साथ पिछले रविवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की, जिसमें उसकी ऐसी दयनीयता सामने आई, जिसकी कल्पना नहीं की जा सकती है।**

विपक्ष के आरोपों पर ऐसे ऐसे बेसिरपैर के तर्क दिए जा रहे थे, जैसे तर्क टेलीविजन की बहसों में पार्टी के प्रवक्ता भी नहीं देते हैं। चुनाव आयोग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके नेता प्रतपिक्ष राहुल गांधी को धमकाया कि आपने जो आरोप लगाए हैं उन्हें हलफनामे के साथ चुनाव आयोग के सामने दायर करें या देश से माफी मांगें। सोचें, पहले चुनाव आयोग सिर्फ एक लाइन कह देता था कि आरोपों की जांच कराई जाएगी और मामला खत्म हो जाता था। अब आयोग को हलफनामा चाहिए तब जांच होगी!

चुनाव आयोग की साख और हैसियत ऐसी हो गई है कि विपक्षी पार्टियों के नेता खुलेआम उसे धमकी दे रहे हैं। राहुल गांधी कह रहे हैं कि चुनाव आयोग के अधिकारी और कर्मचारी होशियार हो जाएं। सत्ता बदलेगी तो सबका हिसाब होगा। उन्होंने यहां तक कहा कि रिटायर हो जाने के बाद भी कोई नहीं बचेगा। इससे पहले क्या किसी संवैधानिक संस्था के प्रति ऐसी अनादर वाली बात किसी विपक्षी पार्टी के मुंह से निकलती थी? विपक्षी पार्टियां चुनाव आयोग की प्रेस कॉन्फ्रेंस को भाजपा के प्रवक्ताओं की प्रेस कॉन्फ्रेंस बता रही हैं। ऐसा होने चुनाव आयोग की अपनी करनियों, अपने रवैए से साख और प्रतिष्ठा गंवाने से है। आयोग ने निष्पक्ष और तटस्थ दिखने का प्रयास ही बंद कर दिया है।

इसकी एक मिसाल तो यही है कि राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके बेंगलुरू सेंट्रल लोकसभा सीट की एक विधानसभा सीट महादेवपुरा में एक लाख वोट की गड़बड़ी का आरोप लगाया तो चुनाव आयोग ने तत्काल राहुल को नोटिस जारी कर दिया और कहा कि वे अपने आरोपों को हलफनामे के साथ जमा कराएं। इसके अगले ही दिन भाजपा के सांसद अनुराग ठाकुर ने रायबरेली और अमेठी लोकसभा में लाखों वोटों की गड़बड़ी का आरोप लगाया तो चुनाव आयोग ने उनको नोटिस जारी करने की जरुरत नहीं समझी।

चुनाव प्रचार के दौरान भी सत्ता पक्ष के नेताओं के भड़काऊ भाषण की अनगिनत शिकायतें दर्ज कराई जाती हैं लेकिन चुनाव आयोग कान में तेल डाल कर बैठा रहता है। लेकिन अगर किसी विपक्षी नेता के खिलाफ शिकायत आ जाए तो तत्काल कार्रवाई की जाती है। चाहे खर्च का मामला हो या भड़काऊ भाषण का मामला हो या मतदान में गड़बड़ी का मामला हो। हर मामले में चुनाव आयोग विपक्ष के विरोध में काम करता दिखता है। तभी विपक्षी पार्टियों ने उसे भाजपा का अभिन्न अंग बताना शुरू कर दिया है। विपक्षी पार्टियों ने पिछले दिनों कहा कि आयोग को इतने बड़े कार्यालय की क्या जरुरत है। भाजपा कार्यालय में एक फ्लोर पर उसका ऑफिस बना दिया जाए। आज स्थिति है कि जिसको मन होता है वह चुनाव आयोग पर आरोप लगा कर चला जाता है और आयोग इस बात का रोना रो रहा है कि उसकी इज्जत होनी चाहिए। चुनाव आयोग की ओर से वकीलों ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि 'वोट चोरी' जैसा शब्द बहुत अपमानजनक है और ऐसी बात नहीं कही जानी चाहिए। लेकिन सवाल है कि जब आयोग को खुद अपनी इज्जत का ख्याल नहीं है तो दूसरा कोई क्या कर सकता है। विपक्ष कह रहा है कि मतदान की वीडियो फुटेज जारी की जाए तो आयोग ऐसे बेसिरपैर के तर्क देता है कि दूसरे की मां, बहनों, बेटियों की फुटेज क्यों जारी करें। सोचें, यह क्या तर्क है। विपक्ष फर्जी वोट जोड़े जाने के आरोप लगाता है तो विपक्ष से कहा जाता है कि हलफनामे के साथ सबूत दो। विपक्ष कंप्यूटर से पढ़े जा सकने लायक मतदाता सूची यानी मतदाता सूची की सॉफ्ट कॉपी मांगता है तो आयोग कहता है कि नहीं देंगे। इसके बाद भी आयोग को फुल इज्जत चाहिए!

## डोनाल्ड ट्रंप को कैसे हैंडल करें

ऐसा लग रहा है कि पूरी दुनिया में इस समय सबसे बड़ी चिंता यह है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को कैसे हैंडल करें। सब अपने अपने तरीके बता रहे हैं। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की, जिसमें उन्होंने कहा कि राष्टपति ट्रंप और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोनों उनके बहुत गहरे दोस्त हैं। इसके बाद उन्होंने कहा कि वे मोदी को बताएंगे कि ट्रंप को कैसे हैंडल करें। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि यह बात मीडिया के जरिए नहीं, बल्कि निजी बातचीत में बताएंगे कि कैसे ट्रंप को हैंडल करें। सोचें, एक राष्ट्र का प्रधानमंत्री दूसरे देश के प्रधानमंत्री को बताएगा कि एक तीसरे देश के राष्ट्रपति को कैसे हैंडल किया जाएगा। पहले कभी इस किस्म की बात सुनने को नहीं मिली।

इसी तरह जिस समय नेतन्याहू ने यह बात कही लगभग उसी समय ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन किया था। लूला और प्रधानमंत्री मोदी की बातचीत का मुद्दा यह था कि राष्ट्रपति ट्रंप को कैसे हैंडल करें। ध्यान रहे राष्ट्रपति ट्रंप ने कुछ दिन पहले कहा था कि लूला डी सिल्वा जब कहें तब वे उनसे बात करने को तैयार हैं। लेकिन लूला ने कहा कि वे ट्रंप से नहीं मोदी से बात करें। माना जा रहा है कि ब्राजील के राष्ट्रपति और भारत के प्रधानमंत्री दोनों ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों से निपटने या उनको हैंडल करने के बारे में बात की। दोनों की एक रणनीति दिख रही है कि अभी ट्रंप के दबाव के आगे नहीं झुकना है और अभी चुप रहना है। हो सकता है कि ट्रंप को हैंडल करने की यह रणनीति उससे अलग हो जो नेतन्याहू ने मोदी को बताने का वादा किया है। बहरहाल, इस महीने के अंत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चीन के दौरे पर जा सकते हैं, जहां शंघाई सहयोग संगठन यानी एससीओ की बैठक से इतर उनकी चीन के राष्ट्रपति शी जिनफिंग से दोपक्षीय वार्ता हो सकती है। एससीओ सम्मेलन के दौरान चीन में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी मोदी को मिलेंगे। बाद में पुतिन भारत के दौरे पर भी आने वाले हैं। माना जा रहा है कि चीन में राष्ट्रपति शी जिनफिंग, राष्ट्रपति पुतिन और प्रधानमंत्री मोदी इस बात पर विचार करेंगे कि ट्रंप को कैसे हैंडल किया जाए। वैसे जिनफिंग और पुतिन ने अपने हिसाब से हैंडल किया हुआ है।

## तस्वीरों की दुनिया



तिरुवनंतपुरम में ओणम त्यौहार से पहले आयोजित समारोह के एक भाग के रूप में राजकीय महिला महाविद्यालय की छात्राएं रस्साकस्सी प्रतियोगिता में भाग लेती हुई।



जम्मू-कश्मीर में पिछले 3 दिनों से लगातार हो रही बारिश से हालात खराब हैं। मंगलवार को जम्मू के भगवती नगर में फोर्थ तवी ब्रिज का एक हिस्सा गिर गया, जिसके कारण कई वाहन गड्ढे में गिर गए।



उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने उत्तरकाशी के भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया।



रामबन में भारी बारिश के बाद चिनाब नदी खतरे के निशान को पार कर गई, जिससे आंशिक रूप से डूबी मशीनरी।



कुल्लू में लगातार बारिश के कारण ब्यास नदी उफान पर है।



शिमला में गणेश चतुर्थी उत्सव की पूर्व संध्या पर लोग भगवान गणेश की मूर्ति ले जाते हुए।



पश्चिम बंगाल के मध्याह्न भोजन कर्मचारी कोलकाता में वेतन और भत्ते में वृद्धि की मांग को लेकर राज्य सचिवालय नबान्ना की ओर मार्च करते हुए।

### भारत पर आज से 50 फीसदी अमेरिकी टैरिफ लागू

## नोटिफिकेशन जारी, पीएम मोदी ने दिया आत्मनिर्भरता पर जोर

**नई दिल्ली।** अमेरिकी सरकार ने भारत पर लगाए गए 25 फीसदी अतिरिक्त शुल्कों को लागू ऑफिशियल नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग (डीएचएस) ने नए शुल्कों की एक अधिसूचना अपलोड की। वहीं, भारत सरकार अर्थव्यवस्था की निर्यात पर निर्भरता कम करने के लिए स्वदेशी मंत्र पर जोर दे रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को भारतीयों से वोकल फॉर लोकल बनने और भारतीय सामान खरीदने का आह्वान किया।इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, अतिरिक्त टैरिफ के कारण लागत प्रतिस्पर्धा में गिरावट के कारण तिरुपुर, नोएडा और सूरत के कपड़ा और परिधान निर्माताओं ने उत्पादन रोक दिया है। अमेरिकी टैरिफ के कारण भारतीय निर्यातक अमेरिका के साथ अपने व्यापार में भारी गिरावट के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं। शुरुआती अनुमानों के अनुसार, 47 अरब डॉलर से ज्यादा मूल्य के उत्पादों पर 50त्न टैरिफ दर लागू होगी। इसमें 7 अगस्त से भारतीय आयातों पर लगाया गया 25 प्रतिशत टैरिफ और रूस से भारत द्वारा तेल आयात पर दंड के रूप में लगाया गया 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ शामिल है। अभी यह शुल्क 25 प्रतिशत का है। इसके अलावा पारस्परिक शुल्क से पहले लगने वाले शुल्क भी लगेंगे। जैसे कार्पेट निर्यात पर अप्रैल के पहले अमेरिका के बाजार में सिर्फ 2.9 प्रतिशत का शुल्क लगता था जो अब 52.9 प्रतिशत हो जाएगा।इन क्षेत्रों को उठानी पड़ेगी परेशानी- शुल्क में इस बेतहाशा बढ़ोतरी से भारतीय वस्तुएं अमेरिका के बाजार में काफी महंगी हो जाएंगी और इससे भारत का 30-35 अरब डॉलर का निर्यात प्रभावित होगा। मुख्य रूप से समुद्री उत्पाद खासकर झींगा, आर्गेनिक केमिकल्स, अपैरल, टेक्सटाइल मेड-अप्स, हीरे व सोने के जेवरात, मशीनरी और मैकेनिकल उपकरण, फर्नीचर और बेड जैसे आइटम के निर्यात प्रभावित होंगे। इन क्षेत्रों को टैरिफ से मुक्त रखा गया है- फार्मा, स्मार्टफोन व अन्य इलेक्ट्रॉनिक और पेट्रोलियम उत्पाद के निर्यात को 50 प्रतिशत के शुल्क से मुक्त रखा गया है। अमेरिका कृषि, डेयरी व मत्स्य जैसे सेक्टर में भारतीय बाजार को पूरी तरह शुल्क मुक्त करवाना चाहता है। तमिलनाडु के तिरुपुर के निर्यातकों को बड़े पैमाने पर नौकरियों में कटौती, कारखानों के बंद होने और कई हज़ार करोड़ रुपये के नुकसान का सामना करना पड़ सकता है।

# देर रात फोन कर बुलाया, सुबह चार बजे तक किया टॉर्चर, रैगिंग से एक बार फिर दहला MIT

**मुजफ्फरपुर, 27 अगस्त [एजेंसी]।**

एमआइटी (मुजफ्फरपुर इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी) में रैगिंग की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। एक बार फिर 2024 में नामांकित सीनियर छात्रों ने इस वर्ष नामांकित छात्रों के साथ मारपीट, गालीगलौच करते हुए रैगिंग की है।जूनियर छात्रों की शिकायत और चेहरा पहचान के आधार पर कालेज की एंटी रैगिंग समिति ने जांच के बाद विभिन्न ब्रांचों के छह विद्यार्थियों को संस्थान से निलंबित कर दिया है। साथ ही उन्हें तत्काल प्रभाव से छात्रावास खाली करने का निर्देश दिया है। वहीं पहचान के आधार पर 30 से अधिक छात्रों के अभिभावकों को भी कालेज प्रशासन की ओर से नोटिस भेजा जाएगा। इसमें उन्हें उपस्थित होकर समिति के सदस्यों के समक्ष अपना पक्ष रखना होगा।इसके बाद आगे की कार्रवाई होगी। इसको लेकर कालेज प्रशासन की ओर से मंगलवार की शाम निर्देश जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि सोमवार को आधी रात में अनुशासनहीनता की घटना हुई है।

2025 के छात्रों की ओर से दिए गए आवेदन के आधार पर एंटी रैगिंग समिति की बैठक हुई है। जांचोपरांत समिति की ओर से निर्णय लिया गया कि छह छात्रों को संस्थान से निलंबित करते हुए छात्रावास खाली करने का आदेश दिया गया है। इसमें सिविल, आइटी, लेदर टेक्नोलाजी, इलेक्ट्रिकल के एक-एक



और कंप्यूटर साइंस से दो छात्र शामिल हैं। दूसरी ओर कालेज प्रशासन की ओर से बायोमीट्रिक इंचार्ज को भी आदेश दिया गया है कि वे इन निलंबित किए गए विद्यार्थियों की बायोमीट्रिक आइडी तत्काल प्रभाव से लंबित करें।

चीफ वार्डन को निर्देश दिया गया कि निलंबित छात्रों को छात्रावास खाली करने का निर्देश जारी कर इसे सुनिश्चित कराएं। निर्धारित अवधि में छात्रावास खाली कराने की जवाबदेही भी उन्हें दी गई है। संस्थान की अनुशासन और एंटी रैगिंग समिति के निर्णय लिए जाने तक छात्रों का निलंबन जारी रहेगा।सीनियर छात्रों ने देर रात जूनियर छात्रों के मोबाइल पर काल कर उन्हें मैदान में बुलाया और चार बजे तक वहां जबरन बैठाए रखा। इस दौरान उनके साथ गाली-गलौच, मारपीट कर सिगरेट पिलाई और बाल खींचे। कई अपशब्द भी कहे।इस दौरान जूनियर छात्रों ने घटनाक्रम की कुछ धुंधली तस्वीर भी खींची है। उन्हें जब छोड़ा गया तो छात्रावास पहुंचे और रोते हुए इसकी जानकारी शिक्षकों को दी। इसके बाद कालेज प्रशासन की ओर से इसकी लिखित शिकायत करने व आरोपितों की पहचान की बात कही गई।आवेदन पर छात्रावास में रहने वाले जूनियर छात्रों ने हस्ताक्षर भी किए हैं। इसके बाद शिक्षकों की उपस्थिति में आरोपितों की पहचान की गई है। जूनियर ने करीब 30 से अधिक सीनियर छात्रों का चेहरा पहचाना है।बताया गया कि आरोपित छात्र अक्सर मोबाइल से धमकी देते हुए जूनियर को बुलाते थे। इसके बाद अन्य साथियों के साथ मिलकर रैगिंग करते थे। निलंबित किए गए विद्यार्थियों के मोबाइल से काल डिटेल निकाली गई है।इसमें कई बार जूनियर को फोन करने का रिकार्ड मिला है। अलग-अलग समय में सीनियर कभी एक्सचेंज गेट की तरफ तो कभी फील्ड से लेकर चाय दुकान पर बुलाकर रैगिंग करते थे।इससे पहले कैंपस में 18 अगस्त को भी रैगिंग की घटना हुई थी। इसमें जूनियर छात्रों पर भोजपुरी के अश्लील गीतों को गाने का दबाव बनाया गया। इन्कार करने पर सड़क पर ही टीशर्ट उतरवा दी।शिक्षिका पर अश्लील कमेंट करने के लिए धमकी दी। छात्र ने रैगिंग की शिकायत यूजीसी के एंटी रैगिंग सेल से की। इसमें दर्जनभर छात्रों की पहचान हुई है। इसकी जांच चल रही है। एमआइटी में एमटेक की छात्रा ने दो बीटेक छात्रों पर उत्पीड़न करने, आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए धमकाने का आरोप लगाया है। इसकी शिकायत छात्रा ने कालेज के प्राचार्य से की है।छात्रा ने कहा है कि बीटेक के ईसीई ब्रांच के दो छात्रों ने सोमवार को बदसलूकी की है। छात्रा का आरोप है कि आरोपितों ने उसपर हमला करने के लिए आक्रामक तरीके से व्यवहार किया। इससे वह डरी हुई है। उसने कहा कि यह यूजीसी के एंटी रैगिंग नियम का उल्लंघन है। छात्रा ने प्राचार्य से जांच कराते हुए आरोपितों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है ताकि एमटेक के विद्यार्थी संस्थान में खुद को सुरक्षित महसूस कर सकें।

# महू में रण संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ, आज रक्षा मंत्री होंगे शामिल, CDS ने दिलाई महाभारत की याद



**इंदौर।** मध्य प्रदेश के महू में तकनीक का युद्ध पर प्रभाव विषय पर आयोजित दो दिवसीय रण संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ हो चुका है। इस दौरान सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने कहा कि हमें महाभारत काल की तरह शस्त्र और शास्त्र दोनों को साथ लेकर चलना होगा। महान योद्धा अर्जुन ने शस्त्र चलाने में दक्षता हासिल की, लेकिन शास्त्र का ज्ञान भगवान श्रीकृष्ण से प्राप्त किया।एयर डिफेंस सिस्टम सुदर्शन चक्र देश के लिए ढाल और तलवार की तरह कार्य करेगा। इसके लिए मजबूत ढांचे का विकास करना होगा। हम शांति प्रिय देश हैं, मगर शांति बनाए रखना है तो युद्ध के लिए तैयार रहना होगा। जनरल चौहान ने मंगलवार को मध्य प्रदेश के महू में तकनीक का युद्ध पर प्रभाव विषय पर आयोजित दो दिवसीय रण संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बुधवार को कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। इस संवाद में देश की तीनों सैन्य इकाइयों के 450 से अधिक अधिकारी शामिल हुए। सीडीएस ने कहा कि पिछले दो वर्षों से हम रण संवाद जैसे कार्यक्रम की तैयारी कर रहे थे, ताकि अपनी सेनाओं को पुनः आकार दे सकें। उन्होंने ऋग्वेद का उदाहरण देते कहा कि हर दिशा से आने वाली जानकारी और सुझावों का विश्लेषण आवश्यक है। सबसे बड़े अर्थशास्त्री कौटिल्य के अनुसार, युद्ध जीतने के लिए शक्ति, उत्साह और युक्ति की आवश्यकता होती है। हमें भविष्य के युद्धों के स्वरूप को समझने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और एकीकृत लाजिस्टिक्स आगामी युद्धों में सफलता की कुंजी है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने हमें भविष्य के लिए तैयार रहने की प्रेरणा दी।

युद्ध में तकनीकी मजबूती आवश्यक है, जिसमें एआई, साइबर, क्वांटम और इलेक्ट्रानिक वारफेयर का समावेश होना चाहिए। युद्ध में तकनीकी मजबूती की रेस में सभी देश दौड़ लगा रहे हैं। जीतेगा वही, जो सबसे अधिक आधुनिक होगा। उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम में आस्ट्रेलिया, इजिप्ट व अन्य देशों के प्रतिनिधि भी हिस्सा ले रहे हैं। प्रेट्र के अनुसार, भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने मंगलवार को थिएटराइजेशन योजना को जल्दबाजी में लागू करने के खिलाफ चेतावनी दी। उन्होंने दिल्ली में शीर्ष सैन्य अधिकारियों के साथ एक संयुक्त योजना और समन्वय केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव रखा ताकि तीनों सेनाओं के बीच बेहतर तालमेल सुनिश्चित किया जा सके।

### टैरिफ से अमेरिका को होगी 500 अरब डॉलर से ज्यादा की आमदनी, ट्रंप का चीनी छात्रों को लेकर बड़ा फैसला

**वाशिंगटन।** अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ से प्राप्त सीमा शुल्क राजस्व प्रति वर्ष 500 अरब डालर से अधिक हो सकता है।उन्होंने यह भी बताया कि जुलाई से अगस्त तक इसमें अच्छी-खासी वृद्धि हुई है और सितंबर में भी इसमें और बढ़ोतरी होने की संभावना है।बेसेंट ने व्हाइट हाउस कैबिनेट की बैठक में कहा कि पहले के 300 अरब डॉलर का टैरिफ संग्रह दर का आकलन काफी कम था। जुलाई से अगस्त के दौरान इसमें अच्छी-खासी बढ़ोतरी देखी गई है और अगस्त से सितंबर के दौरान इसमें और भी बड़ी बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। इसलिए ऐसा अनुमान है कि हम आसानी से आधे ट्रिलियन से कहीं अधिक या लगभग एक ट्रिलियन डॉलर का आंकड़ा छू सकते हैं। इससे बजट घाटे में काफी कमी होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका छह लाख चीनी छात्रों को अपने यहां विश्वविद्यालयों में प्रवेश की अनुमति देगा।

## इंडोनेशिया में दो पुरुषों को सरेआम मारे गए 80 कोड़े, दोनों पर एक दूसरे से गले मिलने और चुंबन का लगा आरोप



**इंडोनेशिया।** इंडोनेशिया के बांदा आचे प्रांत में एक दूसरे को चुंबन लेने वाले दो पुरुषों को सार्वजनिक रूप से कोड़े मारे गए। शरिया अदालत ने उन्हें इसके लिए इस्लामी कानून का उल्लंघन करने का दोषी ठहराया। मंगलवार को बांदा आचे के बुस्तानुस्सलातिन शहर के पार्क में एक मंच पर लगभग 100 लोगों ने कोड़े मारे। यहां समलैंगिक यौन संबंध बनाने वालों के लिए 100 कोड़े मारने की सजा है। आचे में जुआ खेलने, शराब पीने, तंग कपड़े पहनने वाली महिलाओं और शुक्रवार की नमाज में शामिल न होने वाले पुरुषों के लिए भी कोड़े मारने की सजा है।अदालत के रिकॉर्ड के अनुसार, उसने दोनों व्यक्तियों को 80-80 कोड़े मारने की सजा सुनाई, क्योंकि इस्लामी धार्मिक पुलिस ने कहा था कि उन्हें एक सार्वजनिक पार्क के बाथरूम में गले मिलने और चुंबन लेने जैसी गतिविधियों में संलिप्त पाया था।

## दक्षिण अफ्रीका के गुप्ता बंधुओं पर ईडी का एक्शन, देहरादून सहित पांच शहरों के ठिकानों पर की ताबड़तोड़ छापेमारी




**देहरादून।** दक्षिण अफ्रीका की जैकब जुमा सरकार में वर्ष 2018 में भ्रष्टाचार से भूचाल लाने वाले गुप्ता बंधु (अतुल, राजेश और अजय) पर करीब सात साल बाद भारत में भी कार्रवाई की तलवार लटक गई है।तब भले ही जैकब जुमा की सरकार चली गई थी और गुप्ता बंधु किसी तरह भारत भाग आए थे, लेकिन म्यूचुअल लीगल असिस्टेंट रिक्वेस्ट (एमएलएआर) के तहत दक्षिण अफ्रीक सरकार के आग्रह पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शिकंजा कस दिया है।मंगलवार को ईडी ने देहरादून, सहारनपुर, मुंबई, दिल्ली, अहमदाबाद समेत देश में विभिन्न स्थानों पर गुप्ता बंधु और उनसे जुड़े व्यक्तियों के ठिकानों पर छापेमारी की। देर रात तक जारी छापेमारी में बड़ी संख्या में दस्तावेज कब्जे में लिए गए। ईडी के सूत्रों के अनुसार, गुप्ता बंधुओं पर दक्षिण अफ्रीक के पूर्व राष्ट्रपति जैकब जुमा के साथ मिलकर सरकारी खजाने को 45 अरब रैंड (दक्षिण अफ्रीका मुद्रा) का नुकसान पहुंचाने का आरोप है।इस मामले में उनके साथ वर्ल्ड विंडो ग्रुप के संचालक पीयूष गोयल का नाम भी जुड़ा है। गुप्ता बंधु और गोयल ने दुबई की जेजे ट्रेडिंग एफजेडई नाम की एक शेल (फर्जी) कंपनी के माध्यम से मनी लांड्रिंग की। यह कंपनी अहमदाबाद के राम रतन जगाती की बताई जाती है।

## बंधकों को छुड़ाने के लिए इजरायल में उग्र प्रदर्शन

### नेतन्याहू बोले- हमास के खिलाफ आक्रामकता ही सर्वश्रेष्ठ उपाय

**लोद (इजरायल)।** हमास के कब्जे से बंधकों को छुड़ाने के लिए इजरायल में प्रदर्शन कर रहे लोगों का सब्र जवाब देने लगा है। प्रदर्शन के दौरान लोग उग्र हो गए। उन्होंने टायर जलाए, हाईवे जाम कर दिए और युद्ध विराम के पक्ष में नारेबाजी की। लोगों का गुस्सा इजरायल की उस योजना को लेकर है, जिसमें हमास को कुचलने के लिए गाजा में आक्रामक कार्रवाई की बात कही जा रही है। वहीं इजरायल के ताजा हमले में गाजा में 16 नागरिकों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री नेतन्याहू सिक्योरिटी कैबिनेट की बैठक लेनेवाले हैं, लेकिन ये स्पष्ट नहीं हो सका है कि वे युद्ध विराम प्रयासों पर चर्चा करेंगे या नहीं। उन्होंने कहा है कि युद्ध विराम के पहलुओं पर काम करते हुए इजरायल गाजा सिटी पर हमलों का विस्तार करेगा। हालांकि प्रस्तावों को अंतिम रूप देकर वार्ताकारों के पास चर्चा के लिए भेजना अभी बाकी है। नेतन्याहू ने कहा है कि हमास को तोड़ने और बंधकों की वापसी के लिए आक्रामकता ही सर्वश्रेष्ठ उपाय है, लेकिन बंधकों के स्वजन और उनके समर्थक इसे पीछे धकेल रहे हैं। लोगों का कहना है कि बातचीत के जरिये समाधान निकाला जा सकता है और बंधकों को वापस सुरक्षित लाया जा सकता है। उनको ये भी उम्मीद है कि लगातार दबाव बनाकर नेतन्याहू को युद्ध विराम पर बातचीत के लिए तैयार किया जा सकता है। हमास ने 7 अक्टूबर, 2023 को इजरायल पर हमला करते हुए 251 इजरायली नागरिकों को बंधक बना लिया था। युद्ध विराम के दौरान बड़ी संख्या में लोग छोड़े जा चुके हैं। इजरायल अब तक केवल आठ बंधकों को हमास के कब्जे से छुड़ा पाया है।

### दुश्मन की अब खैर नहीं... जम्मू-कश्मीर में आतंकरोधी अभियानों को मजबूत करेंगे हाई टेक ड्रोन

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस, जो कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ पाकिस्तान के छद्म युद्ध को विफल करने में जुटी है, अब अपने बेड़े में अत्याधुनिक ड्रोन और मानव रहित विमान (यूएवी-वी2) शामिल कर रही है।ये ड्रोन ग्राउंड कंट्रोल सिस्टम और पेलोड आपरेशन सिस्टम से लैस होंगे, जिससे आतंकरोधी अभियानों और घुसपैठ रोधी तंत्र को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा।इसके साथ ही पुलिस में ड्रोन और यूएवी संचालन में प्रशिक्षित अधिकारियों और जवानों की संख्या बढ़ाने के लिए जिला स्तर पर चयनित पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि पहले से मौजूद ड्रोन केवल सर्वेलांस के लिए थे और उनकी संख्या सीमित थी। बदलती सुरक्षा चुनौतियों के कारण जम्मू-कश्मीर पुलिस को कई बार सीआरपीएफ और सेना की मदद लेनी पड़ती थी, जिससे आपरेशनल दिक्कतें उत्पन्न होती थीं।इस समस्या का समाधान करने के लिए पुलिस अपने ड्रोन बेड़े में व्यापक सुधार कर रही है।

## यूपी के इस जिले में अपराधियों की खैर नहीं! 3.96 करोड़ की लागत से बनेगा साइबर थाना, भूमि आवंटित



**बस्ती।** साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण और त्वरित कार्रवाई के उद्देश्य से जनपद में अब एक अत्याधुनिक साइबर थाना की स्थापना किया जाना है। इसके लिए 3.96 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से परियोजना की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर ली गई है। इसके साथ ही थाना निर्माण के लिए भूमि भी जिला प्रशासन ने आवंटित कर दी गई है। पुलिस अधीक्षक की देखरेख में परियोजना को शीघ्र अमलीजामा पहनाने की दिशा में कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। अगले कुछ महीनों में निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।साइबर थाना केवल जांच का ही केंद्र नहीं होगा, बल्कि यहां पर आम जनता के लिए साइबर जागरूकता शिविर भी समय-समय पर आयोजित किए जाएंगे। स्कूल, कालेज, और व्यापारिक संगठनों को भी इससे जोड़ा जाएगा ताकि साइबर अपराधों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाई जा सके।लंबे समय से साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों को लेकर स्थानीय स्तर पर एक अलग इकाई की मांग की जा रही थी। अब साइबर थाने की स्थापना से उम्मीद है कि साइबर अपराधों पर नियंत्रण लगेगा और जनता को त्वरित न्याय मिलेगा।

इस साइबर थाने में अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हुए एक विशेष तकनीकी टीम तैनात की जाएगी, जो आनलाइन ठगी, सोशल मीडिया अपराध, बैंक फ्राड, हैकिंग, फर्जी वेबसाइट, ई-कामर्स धोखाधड़ी जैसी घटनाओं की तत्काल जांच कर सकेगी।

थाने में एक विशेष फारेंसिक लैब, डिजिटल सर्विलांस सिस्टम, और डेटा एनालिटिक्स यूनिट भी स्थापित किए जाने की योजना है। जिला प्रशासन 0. 210 हेक्टेयर भूमि कृषि विज्ञान केंद्र के बगल में कोइलपुरा गांव में साइबर थाना के लिए भूमि आवंटित हो गई है। जनपद में साइबर थाने की स्थापना से इन मामलों की जांच में गति आएगी और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई संभव होगी। डीपीआर को स्वीकृति मिलते ही निर्माण एजेंसी को जिम्मेदारी सौंप दी जाएगी।कोशिश है कि वर्ष 2026 की छमाही तक थाना पूरी तरह से चालू हो जाए। साइबर अपराध आज के समय की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है।

## प्रेमिका को इंस्टाग्राम पर मैसेज कर रहा था एक लड़का, प्रेमी ने कर दी पीट-पीटकर हत्या



**पालघर, 27 अगस्त [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र के पालघर जिले में एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। यहां इंस्टाग्राम पर महिला को मैसेज भेजने के आरोप में उसके प्रेमी और उसके साथियों द्वारा कथित तौर पर हमला किए जाने के बाद 24 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, हत्या के सिलसिले में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि इस घटना का का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब शेयर किया जा रहा है। इस वीडियो ने नालासोपारा (पूर्व) इलाके में आक्रोश और तनाव पैदा कर दिया है। वहीं इस जगह पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। मृतक की पहचान मोरेगांव निवासी प्रतीक वाघे के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि यह जानलेवा हमला रविवार रात करीब 11.30 बजे मोरेगांव झील के पास हुआ, जब महिला के प्रेमी, भूषण पाटिल ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर वाघे का कथित तौर पर सामना किया और उस पर हमला किया।तुलिंज पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि मृतक द्वारा इंस्टाग्राम पर एक युवती को भेजे गए एक मैसेज को लेकर विवाद हुआ था। बदले में, युवती के प्रेमी और उसके दोस्तों ने कथित तौर पर मृतक पर हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि यह हमला अचानक नहीं हुआ था, बल्कि पहले से योजनाबद्ध लग रहा था। आरोपियों ने सड़क पर हुई इस हिंसक घटना का वीडियो भी बनाया था। अधिकारी ने बताया कि वीडियो में दिख रहा है कि समूह पीड़ित की बेरहमी से पिटाई कर रहा है, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वाघे को अस्पताल ले जाया गया, जहाँ सोमवार सुबह उसकी मौत हो गई।उन्होंने बताया कि पुलिस ने हत्या के सिलसिले में महिला के प्रेमी पाटिल समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारी ने कहा कि आरोपियों पर हत्या और आपराधिक साजिश के आरोप लगाए गए हैं। वे फिलहाल पुलिस हिरासत में हैं और घटनाओं के सटीक क्रम और प्रत्येक व्यक्ति की संलिप्तता का पता लगाने के लिए उनसे आगे की पूछताछ जारी है।

## साइकिल चलाकर विधानसभा सत्र पहुंचे कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा, युवाओं को दिया खास संदेश



**यमुनानगर।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण द्वारा की गई पहल पर साइकिल चलाते हुए हरियाणा विधानसभा के मानसून सत्र में पहुंचे। यह साइकिल यात्रा नशा विरोधी जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से की गई।कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा स्वयं साइकिल चलाकर विधानसभा की कार्रवाई में पहुंचे। इस पहल की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि मैं इस प्रेरणादायक पहल का हार्दिक स्वागत करता हूं और हरियाणा के युवाओं से आह्वान करता हूं कि वे नशे से दूर रहें और पर्यावरण की रक्षा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए संदेश में कहा कि सभी नागरिक नशे से सदा दूर रहें व सभी नागरिक मिलकर पर्यावरण का संरक्षण करें।

## पंजाब डूब रहा है, सीएम तामिलनाडू में नाश्ता कर रहे हैं

### सीएम भगवंत मान को विपक्ष ने अब बाढ़ के मुद्दे पर घेरा



**चंडीगढ़।** पहले लैंड पूलिंग, फिर मनीष सिसोदिया के बयान और अब मुख्यमंत्री की तामिलनाडू यात्रा को लेकर विपक्ष ने भगवंत मान को घेरा है। पंजाब के अधिकांश जिले इस समय बाढ़ की चपेट में है और पहाड़ों और मैदानों पर हो रही भारी बारिश के कारण तीनों डैमों से पानी छोड़ा जा रहा है जिस कारण अधिकांश जिलों में नदियां तटों को तोड़कर खेतों में घुस गई हैं। मात्र एक महीने बाद पकने वाली धान की फसल पूरी तरह से उसकी चपेट में आ चुकी है जहां पानी खेतों में घुस गया है। कई इलाकों में यह गांव में घरों आदि में भी घुस गया है।दूसरी ओर , मुख्यमंत्री के तामिलनाडू में होने को लेकर विपक्ष ने उनकी तीखी आलोचना की है। प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस के प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने कहा कि अपने बाढ़ प्रभावित राज्य को उसकी किस्मत हाल पर छोड़कर दक्षिण में तमिलनाडु के चेन्नई में स्कूली बच्चों के लिए नाश्ते की योजना का उद्घाटन कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि पंजाब में भारी बाढ़ के कारण उत्पन्न आपातकालीन स्थिति को देखते हुए, मुख्यमंत्री के लिए व्यक्तिगत रूप से स्थिति की निगरानी करना आवश्यक है।उन्होंने कहा कि भारी बारिश की चेतावनी के बीच कोई तैयारी न करके आप सरकार ने पंजाब के लोगों को पूरी तरह से विफल कर दिया है।उन्होंने कहा कि बाढ़ ने पूरे पंजाब में, खासकर सतलुज और ब्यास नदी के किनारे के इलाकों में, आशंका से कहीं ज़्यादा तबाही मचानी शुरू कर दी है। यह राजनीति करने का समय नहीं है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि सरकार और उसके द्वारा संचालित प्रशासन को जवाबदेह नहीं ठहराया जाना चाहिए। शिरोमणि अकाली दल के प्रधान सुखबीर सिंह बादल ने इस बात पर हैरानी व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान लोगों की दुख और परेशानी से बेखबर हैं और ऐसे समय में अपने परिवार के साथ छुट्टियां मनाने में व्यस्त हैं जब राज्य के लोग बाढ़ के पानी से जूझ रहे हैं।उन्होंने इस कार्रवाई को शर्मनाक और घृणित करार देते हुए आम आदमी पार्टी सरकार से बाढ़ प्रभावितों को तत्काल अंतरिम मुआवजा जारी करने और समय पर राहत प्रदान करने की भी मांग की है।

# पेंसिल रंगों से ड्राइंग बनाते समय इन 5 बातों का रखें ध्यान, बनेगी बेहतरीन

पेंसिल रंगों से ड्राइंग बनाना एक मजेदार और रचनात्मक तरीका है, जिससे आप अपनी कल्पना और कला को जीवंत कर सकते हैं। हालांकि, कुछ सामान्य गलतियों से बचकर आप अपनी कला को और भी बेहतर बना सकते हैं। सही तकनीक और थोड़ी सावधानी बरतकर आप अपनी ड्राइंग को पेशेवर लुक दे सकते हैं। आइए कुछ ऐसी गलतियों के बारे में जानते हैं, जिनसे हमें बचना चाहिए और इनसे बचने के तरीके।



**सही पेंसिल का चयन न करना**

पेंसिल रंगों का चयन करते समय हमें सही प्रकार की पेंसिल का चुनाव करना चाहिए। कई लोग सस्ते या सामान्य पेंसिल रंगों का इस्तेमाल करते हैं, जो कि ड्राइंग पर अच्छा प्रभाव नहीं डालते हैं। बेहतर होगा कि आप अच्छी गुणवत्ता वाले पेंसिल रंगों का इस्तेमाल करें ताकि रंग गहरे और चमकीले आएं। इसके अलावा सही ग्रेड की पेंसिल चुनना भी जरूरी है, जैसे एचबी, 2बी, 4बी आदि ताकि आप अपनी कला को बेहतरीन बना सकें।

**हाइलाइट और शेडिंग पर ध्यान न देना**

हाइलाइट और शेडिंग ड्राइंग में गहराई जोड़ने में मदद करते हैं। कई बार लोग सिर्फ रंग भरने पर ध्यान देते हैं और हाइलाइट-शेडिंग का ध्यान नहीं रखते हैं, जिससे उनकी कला सपाट लगती है। इसलिए अपनी ड्राइंग में हाइलाइट और शेडिंग का सही उपयोग करें ताकि आपका काम जीवंत लगे। इसके लिए आप अलग-अलग रंगों का इस्तेमाल कर सकते हैं, जो प्राकृतिक रोशनी जैसे सूरज की रोशनी या कृत्रिम रोशनी जैसी दिखें।

**रंगों का मेल न होना**

रंगों का सही मेल न होना भी एक बड़ी गलती हो सकती है। अगर आप अपनी ड्राइंग में अलग-अलग रंगों का इस्तेमाल करते हैं तो उनके मेल का ध्यान रखें ताकि आपकी कला आकर्षक लगे। विपरीत रंगों का मेल या एक ही रंग की अलग-अलग शेड्स का उपयोग करके आप अपनी कला को खास बना सकते हैं। इसके अलावा रंगों की चमक पर भी ध्यान दें ताकि आपकी ड्राइंग जीवंत और पेशेवर दिखे।

**ज्यादा जोर लगाना**

कई लोग पेंसिल रंगों का इस्तेमाल करते समय ज्यादा जोर लगाते हैं, जिससे कागज फट सकता है या खराब हो सकता है। पेंसिल रंगों को हल्के हाथों से चलाना चाहिए ताकि कागज सुरक्षित रहे और आपका काम बेहतरीन दिखे। इसके अलावा, ज्यादा जोर लगाने से रंग भी अच्छे से नहीं लग पाते और सपाट लगते हैं। इसलिए हमेशा हल्के हाथों से पेंसिल रंगों का इस्तेमाल करें ताकि आपकी ड्राइंग जीवंत और पेशेवर दिखे।

**अभ्यास की कमी होना**

अभ्यास किसी भी कला के लिए बहुत जरूरी होता है। कई बार लोग पहली बार ही सब कुछ सही करने की उम्मीद करते हैं, लेकिन असली महारत अभ्यास से ही मिलती है। नियमित अभ्यास करके आप अपनी तकनीकों को सुधार सकते हैं और अपनी कला को बेहतर बना सकते हैं। इन सरल सुझावों को अपनाकर आप अपनी पेंसिल रंगों से बनाई गई ड्राइंग को और भी आकर्षक बना सकते हैं।



## आश्रम फेम अदिति पोहनकर खूबसूरती के मामले में कई अभिनेत्रियों को देती हैं टक्कर

वेब सीरीज आश्रम में भोली-भाली लड़की का किरदार निभाने वाली अदिति पोहनकर आज ना सिर्फ अपनी एक्टिंग बल्कि हुस्न और खूबसूरत अदाओं से भी फैंस के दिलों पर छुरियां चलाती हैं. जी हां हम बात कर रहे आश्रम वेब सीरीज की पम्मी यानी अदिति पोहनकर की. अदिति पोहनकर की रियल लाइफ से रूबरू करवा रहे हैं. अदिति पोहनकर कई वेब सीरीज और मूवीज में काम कर चुकी है, अदिति पोहनकर को असली पहचान 'आश्रम' वेब सीरीज से मिली है. इस सीरीज ने उन्हें रातों रात स्टार बना दिया. जिसके बाद उनकी लाइफस्टाइल में भी काफी बदलाव देखने को मिला.अदिति ने अपना एक्टिंग करियर हिंदी मूवी 'लव सेक्स और धोखा (2010)' से शुरू किया था. इसके बाद वो मराठी फिल्म 'कुनासाथी कुनितारी' में भी दिखाई दी. लेकिन अदिति असली पहचान ओटीटी प्लेटफॉर्म से मिली थी. उनकी पहली वेब सीरीज नेटफ्लिक्स पर आई सीरीज शी थी. इस सीरीज में भी उनका बोल्ड अवतार देखने को मिला था. इसके बाद अभिनेता बॉबी देओल के साथ 'आश्रम' में काम करने का मौका मिला और उन्होंने अपनी शानदार एक्टिंग से पूरे देश का दिल जीत लिया.

सीरीज में बॉबी के साथ-साथ उनके काम भी खूब तारीफ होती है. आपको बता दें कि बॉबी देओल की वेब सीरीज 'आश्रम 3' का पार्ट 2 अब रिलीज हो चुका है. जो रिलीज के साथ ही लोगों के दिलों पर छा गया है.

## रोजमर्रा के उपयोग के लिए फाउंडेशन या बीबी क्रीम? जानिए कौन-सा है सही विकल्प



फाउंडेशन और बीबी क्रीम दोनों ही मेकअप के लिए उपयोगी उत्पाद हैं, जो बेस मेकअप में इस्तेमाल होते हैं। ये चेहरे की त्वचा को एक समान रंग और बनावट देने में मदद करते हैं। हालांकि, इन दोनों में अंतर होते हैं और इन्हें अलग-अलग उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इस लेख में हम जानेंगे कि रोजमर्रा के उपयोग के लिए दोनों में से कौन-सा उत्पाद बेहतर है और किसका इस्तेमाल करने से आपको ज्यादा फायदा होगा।

**फाउंडेशन क्या है और इसका उपयोग कैसे किया जाता है?**

फाउंडेशन मेकअप का जरूरी और प्रसिद्ध उत्पाद है। इसे चेहरे पर लगाया जाता है, ताकि त्वचा की असमानताओं को छुपाया जा सके। यह त्वचा के रंग को एकसार कर देता है और मेकअप के लिए आधार तैयार करने में मदद करता है। फाउंडेशन की कई किस्में होती हैं तरल, क्रीम और पाउडर जैसी कई किस्में होती हैं, जिन्हें अपनी जरूरत के हिसाब से चुना जा सकता है। हालांकि, फाउंडेशन का उपयोग करने से पहले प्राइमर लगाना जरूरी होता है।

**बीबी क्रीम क्या है और इसका उपयोग कैसे किया जाता है?**

बीबी क्रीम यानी ब्यूटी बाम क्रीम एक हल्का उत्पाद है, जो त्वचा को हल्की चमक प्रदान कर सकता है। यह क्रीम फाउंडेशन की तुलना में कम कवरेज देती है और रोजमर्रा के उपयोग के लिए आदर्श होती है। बीबी क्रीम में आमतौर पर सूर्य की किरणों से सुरक्षा वाले तत्व यानि सनस्क्रीन भी शामिल होती है, जिससे यह आपकी त्वचा को अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करती है। यह क्रीम कॉलेज या ऑफिस जाते वक्त लगाई जा सकती है।

**फाउंडेशन और बीबी क्रीम में क्या अंतर है?**

फाउंडेशन और बीबी क्रीम में मुख्य अंतर उनके कवरेज और उद्देश्य में है। फाउंडेशन उच्च कवरेज प्रदान करता है, जो त्वचा की खामियों को छुपाने में मदद करता है। जबकि बीबी क्रीम हल्का कवरेज देती है और प्राकृतिक लुक प्रदान करती है। इसके अलावा, फाउंडेशन आमतौर पर लंबे समय तक रहता है, जबकि बीबी क्रीम दिनभर टिक नहीं पाती। इसके अलावा, फाउंडेशन की कई किस्में होती हैं, जिनमें से आपकी त्वचा के प्रकार के हिसाब से चयन करना चाहिए।

**रोजमर्रा के उपयोग के लिए कौन-सी चीज बेहतर है?**

रोजमर्रा के उपयोग के लिए बीबी क्रीम बेहतर विकल्प हो सकती है, क्योंकि यह हल्का कवरेज देती है और त्वचा को प्राकृतिक लुक प्रदान करती है। इसके अलावा, यह आपकी त्वचा को नमी देने और सूरज की हानिकारक किरणों से बचाने में मदद करती है। हालांकि, अगर आपकी त्वचा पर ज्यादा दाग-धब्बे हों तो फाउंडेशन का चयन करना बेहतर हो सकता है। इसलिए, अपनी त्वचा के प्रकार और जरूरतों के अनुसार चयन करें।

## हर संकट दूर करेंगे बप्पा

गणेश चतुर्थी विद्या, समृद्धि और नए आरंभों का पर्व है। परंपरानुसार दस दिन बाद अर्थात 6 सितंबर शनिवार को गणेश विसर्जन होगा, जिसे अनंत चतुर्दशी के नाम से जाना जाता है।



**व्रत कथा**-एक बार भगवान शंकर ने माता पार्वती के साथ नर्मदा नदी के तट पर चौपड़ खेलने की इच्छा जताई। हार जीत का निर्णय कौन करे इसके लिए पार्वती जी ने घास के तिनकों का एक पुतला बनाकर उसे कहा कि बेटा हार जीत का निर्णय तुम्हीं करना। संयोग से तीन बार लगातार पार्वती ही जीतीं लेकिन जब निर्णय सुनाने की बारी आई तो बालक ने भगवान शंकर को विजयी बताया। इससे क्रुद्ध होकर माता पार्वती ने उसे एक पैर से लंगड़ा होने और कीचड़ में रहने का शाप दे दिया। बालक ने जब माफी मांगी तो माता पार्वती को उस पर दया आ गई और उन्होंने कहा नाग कन्याएं गणेश पूजन के लिए आएंगी तो उनके उपदेश से तुम गणेश व्रत करके मुझे प्राप्त करोगे। लगभग एक वर्ष बाद श्रावण माह में नाग कन्याएं गणेश पूजन के लिए वहां आईं। नाग कन्याओं ने गणेश व्रत करने की विधि उस बालक को भी बताई तो उसने भी 12 दिनों तक गणेशजी का व्रत किया। गणेशजी उस बालक के व्रत से प्रसन्न हुए और उसे मनवांछित फल मांगने के लिए कहा। बालक ने कहा कि भगवान मेरे पैरों में इतनी शक्ति दे दो कि मैं खुद से चल कर कैलाश पर्वत पर अपने माता-पिता के पास जा सकूं। भगवान गणेशजी ने बालक की इच्छा पूरी कर दी। बालक कैलाश पर्वत पर भगवान शंकर के पास जा पहुंचा तो भगवान ने उससे पूछा कि वह यहां तक कैसे आया तो उसने गणेश व्रत की महिमा बता डाली। नर्मदा नदी के तट पर हुई घटना के बाद से माता पार्वती भी भगवान शंकर से अप्रसन्न चल रही थीं इसलिए भगवान शंकर ने भी गणेश व्रत किया तो माता पार्वती उनके पास आईं और पूछा कि आपने ऐसा क्या किया कि मैं आपके पास भागी-भागी चली आई तो उन्होंने गणेश व्रत के बारे में बताया। इसके बाद माता पार्वती ने गणेश व्रत किया जिससे उनके पुत्र कार्तिकेय उनके पास आ गये। उन्होंने भी अपनी मां के मुख से इस व्रत के माहात्म्य के बारे में सुनकर यह व्रत किया और इस व्रत के बारे में विश्वामित्र जी को बताया। इस प्रकार इस व्रत के माध्यम से गणेशजी ने जैसे इन सभी की मनोकामना पूरी की।

## हर किरदार कुछ नया सबक देता है, इन दिनों मैं कार चलाना सीख रही: कनिका मान

अभिनेत्री कनिका मान अपनी अपकमिंग फिल्म के लिए कार चलाना सीख रही हैं। अनटाइटल्ड फिल्म को लेकर उत्साहित कनिका का मानना है कि हर किरदार कुछ नया सिखाता है।

फिल्म में उनके किरदार के लिए सड़क पर कुछ महत्वपूर्ण सीन्स की शूटिंग करनी है।

कनिका ने कहा, मेरा हमेशा से मानना है कि हर किरदार आपको कुछ नया सिखाता है। इस बार यह कार चलाना है!

उन्होंने आगे बताया, कभी-कभी यह डरावना लगता है, लेकिन गाड़ी चलाना और यह जानना कि मैं यह अपनी फिल्म के लिए सीख रही हूं, जो मेरे दिल के बहुत करीब है, बेहद रोमांचक है।

मुंबई की व्यस्त सड़कों और बारिश के बावजूद कनिका नियमित रूप से ड्राइविंग सीख रही हैं। उनकी लगन और उत्साह उनके किरदार के प्रति समर्पण को दिखाते हैं।

कनिका को टीवी धारावाहिक 'गुड्डन तुमसे ना हो पाएगा' में गुड्डन जिंदल और गुड्डन बिड़ला के दोहरे किरदार के लिए जाना जाता है। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत एक मॉडल के रूप में की और कई पंजाबी म्यूजिक वीडियो में नजर आईं। साल 2017 में उन्होंने पंजाबी फिल्म 'रॉकी मेंटल' से शुरुआत की थी, जिसमें उनके साथ अभिनेता धीरज कुमार मुख्य किरदार में थे।

साल 2018 में कनिका ने कन्नड़ फिल्म 'बृहस्पति' से डेब्यू किया और उसी साल पंजाबी फिल्म 'दाना पानी' में माघी का किरदार निभाया। टीवी पर उनकी शुरुआत बढ़ो बहू से हुई, जहां वह प्रिंस नरूला के साथ तितली के किरदार में नजर आई थीं। साल 2018 से 2020 तक वह 'गुड्डन तुमसे ना हो पाएगा' में निशांत सिंह मल्कानी के साथ दिखीं। कनिका साल 2021 में पंजाबी फिल्म 'अमेरिका माय ड्रीम' में दिखीं।

2022 में कनिका ने वेब सीरीज 'रूहानियत' से डिजिटल डेब्यू किया, जिसमें उनके साथ अभिनेता अर्जुन बिजलानी मुख्य भूमिका में थे। उसी साल वह रोहित शेट्टी के स्टंट बेस्ट शो 'खतरों के खिलाड़ी' के 12वें सीजन में दिखीं।

कनिका, हाल ही में वह पंजाबी फिल्म 'जॉम्बीलैंड' में नजर आईं, जिसमें उनके साथ बिन्नू ढिल्लों, अंगीरा धर, जी खान गुरी, धनवीर सिंह और जस्सा ढिल्लों भी हैं। यह फिल्म भारत की पहली पंजाबी जॉम्बी कॉमेडी (जॉम-कॉम) के रूप में चर्चित है, जिसे लेखक-निर्देशक थापर ने बनाया।



## बिना वजह आवाज भारी लगना हो सकता है थायराइड कैंसर का शुरूआती लक्षण

कैंसर एक गंभीर और जानलेवा बीमारी है। लेकिन अगर समय रहते इस गंभीर बीमारी की पहचान हो जाती है, तो इसका इलाज संभव है। आज के समय में कैंसर की पहचान और इलाज के लिए आधुनिक तकनीकें मौजूद हैं। जिसकी सहायता से लाखों लोगों ने जीवन की दूसरी शुरूआत की है। हालांकि यह समस्या तब गंभीर हो जाती है, जब इसके शुरूआती लक्षणों को नजरअंदाज कर दिया जाता है। बता दें कि कैंसर शरीर के किसी भी हिस्से में हो सकता है। जैसे स्तन, फेफड़े, गला, थायराइड, मस्तिष्क, आंत या खून में। कई बार कैंसर शरीर में इतने चुपचाप फैलता है। वहीं इसका तब पता चलता है, जब यह गंभीर रूप ले सकता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए थायराइड कैंसर के लक्षणों के बारे में बताने जा रहे हैं।

**थायराइड कैंसर के लक्षण**

**गले में गांठ या सूजन**-बता दें कि थायराइड कैंसर का सबसे आम और पहला लक्षण गले में उभार या गांठ का महसूस होना है। यह गांठ धीरे-धीरे आकार में बढ़ सकती है और इसमें दर्द भी नहीं होता है। यह गांठ गले में किसी भी तरफ हो सकती है। कई बार स्पर्श करने या शीशे में देखने से यह पता चलती है। ऐसे में गले में किसी भी असामान्य उभार को नजरअंदाज करने की गलती नहीं करना चाहिए।

**आवाज में बदलाव आना या भारीपन**-थायराइड ग्रंथि वोकल कॉर्ड्स के पास होती है, इसलिए जब भी इस ग्रंथि में ट्यूमर या सूजन होती है, तो इसका असर आपकी आवाज पर पड़ सकती है। बिना कारण के आवाज बदल जाना या आवाज भारी हो जाना, इस बात का संकेत होता है कि ग्रंथि में कोई गड़बड़ है। अगर यह समस्या लंबे समय तक बनी रहे, तो डॉक्टर से परामर्श जरूर करें।

**निगलने या सांस लेने में दिक्कत**-जब थायराइड ट्यूमर बढ़ने लगता है, तो यह वायु या भोजन मार्ग पर दबाव डाल सकता है। इसकी वजह से खाना निकलने या सांस लेने में परेशानी हो सकती है। वहीं अगर स्थिति पर समय रहते ध्यान न दिया जाए, तो यह गंभीर रूप ले सकती है।

**गले में दर्द या बेचैनी**-थायराइड कैंसर की गांठ दर्दरहित होती है। लेकिन कई बार ट्यूमर के विकास के साथ गले में हल्का दर्द, जकड़न या असगजता महसूस हो सकती है। यह दर्द कान तक फैल सकता है। वहीं अगर लगातार बेचैनी बनी रहती है, तो आपको डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।हालांकि यह लक्षण सीधे तौर पर थायराइड कैंसर से नहीं जुड़ते हैं। लेकिन शरीर केमेटाबॉलिज्म को थायराइड ग्रंथि कंट्रोल करती है। जब इसका काम प्रभावित होता है, तो वेट तेजी से घटता या बढ़ता है।

## डिप्रेशन का शिकार होने पर दिखाई देते हैं ये लक्षण

आज के समय में अधिकतर लोग डिप्रेशन का शिकार हो रहे हैं। आमतौर पर आपने देखा होगा कि बड़े-बुजुर्गों को डिप्रेशन होता है और इससे बचने के लिए लोग कई तरीके अपनाते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि घर का बच्चा भी डिप्रेशन का शिकार हो सकता है। जो बच्चे हंसते-खेलते रहते हैं, वह कब गुमसुम हो जाते हैं। यह उनके माता-पिता को पता ही नहीं चल पाते हैं। इसकी एक वजह यह भी है कि आज के समय में माता-पिता दोनों वर्किंग होते हैं।

माता-पिता दोनों के वर्किंग होने पर वह बच्चों पर ज्यादा ध्यान नहीं दे पाते हैं। कई बार इस कारण भी बच्चों को तनाव घेर लेता है। डिप्रेशन का शिकार होने पर बच्चा अन्य की तुलना में गुमसुम और सुस्त हो जाता है। उसको किसी भी काम को करने में सजा नहीं आता है। वह लोगों से मिलने और बात करने में कतराता है और वह चुपचाप और अकेला रहने लगता है।

बता दें कि डिप्रेशन में जाने के बाद कुछ लक्षण नजर आते हैं। जिनको समय रहते पेरेंट्स को पहचानना जरूरी होता है। ऐसे समय पर माता-पिता को बच्चे को समय देना चाहिए और उनसे उनकी दिक्कतों के बारे में पूछना चाहिए। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बच्चों में डप्रिशन के कुछ लक्षणों के बारे में बताने जा रहे हैं।

डिलीवरी के समय कोई दिक्कत होना

घर में लड़ाई झगड़े का माहौल

मन में किसी बात का डर बैठना

उदास होना

अगर आपका बच्चा उदास रहने लगा है, या फिर उसमें किसी भी काम को लेकर एक्साइटमेंट नहीं बची है। तो आपका बच्चा डिप्रेशन का शिकार हो चुका है।



खुद से बात करना

अगर आपके बच्चे ने खुद से बात करना शुरूकर दिया है, तो आपको उस पर ध्यान देने की जरूरत है। डिप्रेशन होने पर बच्चा अकेले बैठने लगता है और खुद से ही सवाल-जवाब करने लगते हैं। उनको किसी भी बात पर गुस्सा आता है, तो यह डिप्रेशन का लक्षण है।

चिड़चिड़ा होना

डिप्रेशन होने पर बच्चा चिड़चिड़ा होने लगता है। वह छोटी-छोटी बात पर गुस्सा होने लगता है या फिर उसको अकेले रहना ज्यादा पसंद आने लगता है।

खाने में आनाकानी करना

जब बच्चा डिप्रेशन का शिकार होने लगता है, तो उनकी रोजाना वाली आदतों में बदलाव आने लगता है। यहां तक वह ठीक से खाना भी नहीं खा पाते हैं और कई बार वह खाना भी स्किप कर ते हैं।

*पेरेंट्स को क्या करना चाहिए*

बच्चों के साथ समय बिताना चाहिए।,बच्चे के मन की बात जानने का प्रयास करना चाहिए।,पेरेंट्स को बच्चे से खुलकर बात करनी चाहिए।,बच्चे के साथ कोई गेम खेलें।

पेरेंट्स को बच्चे को बाहर घुमाने लेकर जाना चाहिए।



राधिका मर्चेंट की राह पर जाह्नवी कपूरफूलों की साड़ी पहन परम सुंदरी बनीं श्रीदेवी लाडली

## शब्द सामर्थ्य -140

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**

1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सूनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गौरिया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संख्या 26. हत्या, कत्ल.

**ऊपर से नीचे**

1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 139 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वा | द | | सा | म | ना | | कै | दी |
| व | | ख | ल | ना | य | क | | वा |
| लं | प | ट | | ना | क | क | ट | ना |
| बी | | प | | | | ड़ी | | प |
| | अ | ट | प | टा | | | शा | न |
| स | ह | | यो | | | र | ति | |
| ह | म | | द | र | ब | द | र | |
| म | क | र | | सी | ल | | | |
| त | | क्षा | | द | वा | खा | ना | |

# एक व दो रुपये के सिक्कों को लेने से इंकार किया तो कार्रवाई

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले में बाजारों और लेन-देन में प्रचलित भारतीय मुद्रा एक और दो रुपये के सिक्कों को कई बार व्यापारी स्वीकार नहीं कर रहे थे, जिससे आमजन को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा था। इस संबंध में जिला प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए आदेश जारी किया है।

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी बैकुंठपुर ने 22 अगस्त 2025 को पत्र जारी कर सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि भारतीय मुद्रा एक रुपये एवं दो रुपये के सिक्के वैध हैं और इनका लेन-देन से इंकार करना राष्ट्रीय मुद्रा का अपमान माना जाएगा।



यदि कोई व्यापारी या व्यक्ति सिक्के लेने से मना करता है तो उसके खिलाफ नियमों के तहत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर ने स्पष्ट कहा है कि जिले के सभी नगरीय निकाय और ग्रामीण क्षेत्र में आम जनता को सिक्कों के लेन-देन में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। यदि किसी व्यापारी द्वारा सिक्के न लेने की शिकायत मिलती है तो तत्काल नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। प्रशासन के इस निर्देश से आमजन को राहत मिलेगी और छोटे सिक्कों का प्रचलन सुचारू रूप से जारी रहेगा।

## पिता-पुत्र, कंप्यूटर ऑपरेटर समेत 4 गिरफ्तार

**बलरामपुर।** शंकरगढ़ ब्लॉक के आंगनबाड़ी केंद्रों में सहायिका के पदों पर हुई फर्जी नियुक्ति के मामले को लेकर पुलिस-प्रशासन एक्शन में है। ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है। पहले फर्जी नियुक्ति पाने वाली 4 महिलाओं को गिरफ्तार किया गया। अब शंकरगढ़ बीएमओ कार्यालय में पदस्थ कंप्यूटर ऑपरेटर, फर्जी मार्कशीट जारी करने वाले स्कूल संचालक पिता-पुत्र व फर्जी ढंग से नौकरी हासिल करने वाली महिला के पति की भी गिरफ्तारी हुई है। इस मामले में सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि चयनकर्ताओं ने आखिर फर्जी मार्कशीट की जांच किए बिना कैसे चयन सूची जारी कर दी। बलरामपुर-रामानुजगंज कलेक्टर राजेंद्र कटारा को की गई एक शिकायत के बाद हुई जांच में शंकरगढ़ ब्लॉक के आंगनबाड़ी केंद्रों में फर्जी मार्कशीट के जरिए सहायिका के पद पर नियुक्ति होने का मामला उजागर हुआ था।

# सूरत के स्वच्छता प्रबंधन से प्रेरणा लेगा शिवपुर चरचा

**कोरिया चरचा कालरी।** राज्य शहरी विकास प्राधिकरण, छत्तीसगढ़ द्वारा स्वच्छ भारत मिशन शहरी-2 के तहत गुजरात राज्य के सूरत नगर निगम में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़े उत्कृष्ट कार्यों के अवलोकन एवं अध्ययन हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न नगर पालिका अध्यक्षों एवं अधिकारियों का एक प्रतिनिधि दल गठित किया गया है।इस अध्ययन भ्रमण दल में नगर पालिका परिषद शिवपुर-चर्चा के अध्यक्ष अरुण कुमार जायसवाल एवं *मुख्य नगर पालिका अधिकारी वशिष्ठ कुमार ओझा को भी शामिल किया गया है। यह दल 28 अगस्त से 30 अगस्त तक सूरत नगर निगम के अंतर्गत संचालित ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छता नवाचार तथा अन्य प्रबंधन कार्यों का निरीक्षण एवं अध्ययन करेगा। अध्ययन भ्रमण से प्राप्त अनुभव एवं नवीनतम तकनीकी जानकारियों का लाभ शिवपुर-चर्चा नगर



पालिका को मिलेगा। इससे भविष्य में नगर के भीतर स्वच्छता प्रबंधन से संबंधित कार्यों को और भी बेहतर ढंग से संचालित किया जा सकेगा। नगर पालिका अध्यक्ष श्री जायसवाल ने कहा कि इस भ्रमण से स्थानीय स्तर पर अपशिष्ट प्रबंधन की कार्ययोजना को और अधिक सुदृढ़ बनाने में मदद मिलेगी। वहीं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री ओझा का कहना है कि सूरत नगर निगम की कार्यप्रणाली और स्वच्छता व्यवस्था पूरे देश में मिसाल है, और उसका अध्ययन शिवपुर-चर्चा नगर की स्वच्छता व्यवस्था को एक नई दिशा देगा। यह अध्ययन दौरा नगर के विकास और नागरिकों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा।

## घर के बाहर खड़ी ई-रिक्शा पार

**रायपुर।** भरत नगर गुढ़ियारी में घर के बाहर खड़ी ई-रिक्शा को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी खेमलाल साहू 24 वर्ष भरत नगर गुढ़ियारी का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी ई-रिक्शाा क्रमांक सीजी 04 क्यूबी 3361 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए ई-रिक्शा की कीमत करीब 1 लाख 40 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## दुकान के गल्ले से नकदी रकम पार

**रायपुर।** सीटी सेंटर मॉल के पीछे दुकान के काउण्टर से अज्ञात चोर ने 1 लाख 30 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

प्रार्थी महेश गुरूनानी 55 वर्ष कवितानगर खम्हारडीह का रहने वाला है। प्रार्थी का सीटी सेंटर मॉल के पीछे दुकान है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने उसके दुकान के काउंटर से 1 लाख 30 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## युवक की मौत

**रायपुर।** सेजबहार चौक के पास टैंकर की टक्कर से युवक की मौत हो गई। मामले में मुजगहन पुलिस ने टैंकर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

# विधायक ने अविनाश को बनाया प्रतिनिधि



**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले के बैकुंठपुर क्षेत्र में जनप्रतिनिधित्व को और मजबूत करने के उद्देश्य से विधायक भईयालाल राजवाड़े ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। उन्होंने बैकुंठपुर क्षेत्र अंतर्गत एसईसीएल (दक्षिण पूर्वी कोलफील्ड्स लिमिटेड) से संबंधित कार्यों के लिए ग्राम खोंड, ग्राम पंचायत पण्डोपारा निवासी अविनाश सिंह ठाकुर को अपना विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। यह नियुक्ति पत्र 22 अगस्त 2025 को जारी किया गया, जिसे आधिकारिक तौर पर एसईसीएल प्रबंधन को भी प्रेषित किया गया है।

पत्र में उल्लेखित है कि अविनाश सिंह ठाकुर, पिता जनार्दन सिंह, ग्राम पण्डोपारा, जिला कोरिया निवासी हैं और उन्हें एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र में विधायक प्रतिनिधि के रूप में अधिकृत किया गया है। विधायक प्रतिनिधि की जिम्मेदारी होती है कि वे क्षेत्र की समस्याओं, स्थानीय जनों की मांगों तथा विकास से जुड़ी जरूरतों को सीधे तौर पर विधायक तक पहुँचाएँ और उनका समाधान कराने में सहयोग करें। भईयालाल राजवाड़े ने इस अवसर पर कहा कि बैकुंठपुर क्षेत्र के लोगों की आवाज़ को और मजबूती से रखने तथा जनसमस्याओं को तेजी से हल करने के लिए यह कदम उठाया गया है। अविनाश सिंह ठाकुर युवाओं में सक्रिय और सामाजिक कार्यों में रुचि रखने वाले व्यक्ति हैं। उनकी नियुक्ति से निश्चित रूप से क्षेत्र के लोगों को राहत मिलेगी, क्योंकि अब आमजन सीधे अपने विधायक प्रतिनिधि के माध्यम से समस्याओं और मांगों को रख सकेंगे। स्थानीय नागरिकों का मानना है कि यह नियुक्ति क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने और आम जनता की भागीदारी को सुनिश्चित करने में सहायक सिद्ध होगी। कोरिया जिला खनिज और उद्योगों की दृष्टि से समृद्ध है, लेकिन यहाँ की आबादी अक्सर बुनियादी सुविधाओं और रोज़गार से जुड़ी चुनौतियों का सामना करती रही है। एसईसीएल से जुड़े कामों में पारदर्शिता और सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में विधायक प्रतिनिधि की भूमिका काफी अहम मानी जाती है। अविनाश सिंह ठाकुर ने भी इस जिम्मेदारी के लिए विधायक भईयालाल राजवाड़े का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि वे क्षेत्र के लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे और जनता तथा विधायक के बीच एक मजबूत कड़ी के रूप में कार्य करेंगे। इस तरह की नियुक्ति से यह भी स्पष्ट होता है कि विधायक भईयालाल राजवाड़े अपने क्षेत्र के विकास और जनता के हितों को प्राथमिकता देते हुए नए और ऊर्जावान चेहरों को आगे लाने में विश्वास रखते हैं। इस नियुक्ति से बैकुंठपुर क्षेत्र के लोगों में उत्साह का माहौल है और उम्मीद की जा रही है कि आने वाले समय में अविनाश सिंह ठाकुर की सक्रियता से एसईसीएल क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान होगा।

# तीज पर्व पर महिलाओं की आस्था उमड़ी

### कोरिया जिले में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया हरितालिका तीज



**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले में महिलाओं ने हरियाली तीज का पर्व बड़े श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया। सुबह से ही नगर और गांवों की गलियों में त्योहार का उत्साह दिखा। सुहागिन महिलाएं हरे वस्त्र और चूड़ियां पहनकर पारंपरिक श्रृंगार में सजकर शिव-पार्वती की पूजा-अर्चना करती नजर आईं। परिवार की सुख-समृद्धि और पति की दीर्घायु के लिए महिलाओं ने व्रत रखा और मंदिरों में जाकर जलाभिषेक किया।

बैकुंठपुर, चिरमिरी, मनेन्द्रगढ़ और सोनहत क्षेत्र के मंदिरों में महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। शिवालयों में विशेष पूजा-अर्चना हुई। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं ने सामूहिक भजन-कीर्तन और लोकगीत गाकर पर्व को और भी खास बना दिया।

सामाजिक संगठनों और महिला मंडलों ने भी कार्यक्रम आयोजित किए। बाजारों में भी तीज की रौनक रही। मेहंदी, चूड़ियां और श्रृंगार सामग्री की दुकानों पर महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मेहंदी कलाकारों को बुलाकर महिलाओं ने हाथों में पारंपरिक डिजाइन सजवाए। बच्चों और युवतियों ने भी इस पर्व का आनंद मेहंदी और सजावट के साथ लिया। गांव-गांव में महिलाओं ने रातभर जागरण कर लोककथाएं सुनाईं और शिव-पार्वती विवाह प्रसंग पर आधारित नृत्य-नाटक का आनंद लिया। तीज का पर्व न केवल धार्मिक आस्था से जुड़ा रहा बल्कि महिलाओं के बीच आत्मीयता और सामाजिक मेलजोल का अवसर भी बना। कोरिया जिले में तीज का यह पर्व महिलाओं की आस्था, भक्ति और संस्कृति का जीवंत प्रतीक बना। श्रद्धा और उल्लास से मनाया गया यह पर्व जिले की समृद्ध परंपरा और सामाजिक एकता का संदेश देता है।

## सूने मकान से हजारों रुपए के जेवर पार

**रायपुर।** सत्यम विहार कालोनी रायपुरा स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने हजारों रुपए के जेवर पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थिया निशा ठाकुर 28 वर्ष सत्यम विहार कालोनी रायपुरा की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 70 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

# चतुर्थी पर अनेक स्थानों में विराजित होंगे विघ्नविनाशक

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले में गणेश चतुर्थी पर्व की धूम चारों ओर देखने को मिल रही है। विघ्नहर्ता भगवान गणेश के स्वागत की तैयारियों में शहर से लेकर गांव तक उत्साह का माहौल बना हुआ है। कल से गणेश प्रतिमाओं की स्थापना शुरू होगी, जिसके लिए कचहरी पारा, जाम पारा, बाजार पारा, महल पारा, रामपुर सहित क्षेत्र के अन्य पूजा पंडालों में तैयारियां जोरों पर चल रही हैं।



शहर के प्रमुख चौक-चौराहों और मंदिरों को आकर्षक रोशनी तथा रंग-बिरंगी झालरों से सजाया जा रहा है। कई सामाजिक व धार्मिक संस्थाएं भव्य पंडाल तैयार कर रही हैं, वहीं युवाओं की टोली सजावट और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी में जुटी है। इस बार पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए कई जगह मिट्टी की प्रतिमाओं की स्थापना की जा रही है। कोरिया के विभिन्न मोहल्लों में बच्चों और महिलाओं का विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। महिलाएं भक्ति गीतों और आरती की तैयारी कर रही हैं तो बच्चे रंगोली और झांकियों को सजाने में व्यस्त हैं। जिला प्रशासन ने भी पर्व को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हैं। धार्मिक आयोजकों ने बताया कि गणेश चतुर्थी के दौरान प्रतिदिन सुबह-शाम पूजा-अर्चना के साथ भजन-कीर्तन का आयोजन होगा। विसर्जन तक पूरे वातावरण में भक्तिमय छटा बिखरी रहेगी। विघ्नहर्ता गणपति के स्वागत के लिए कोरिया पूरी तरह तैयार है।

## संतोषी की कूची से संवर रही गणपति की मूर्ति



**कोरिया बैकुंठपुर।** बैकुंठपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कटोरा की ज्वाला महिला स्व-सहायता समूह से जुड़ी श्रीमती संतोषी प्रजापति ने अपने परंपरागत मूर्ति निर्माण कार्य को व्यवसायिक रूप देकर नई राह बनाई है। बिहान मिशन के सहयोग से लिए गए एक लाख रुपए के ऋण ने उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया। पति से विरासत में मिले मूर्तिकार कला में संतोषी ने अपनी कूची और रंगों का हुनर जोड़कर कृष्ण, गणेश और दुर्गा की प्रतिमाओं को और आकर्षक रूप देना शुरू किया। बारहवीं तक पढ़ाई की तीन बच्चों की माँ संतोषी की मेहनत से उनके परिवार को प्रतिमाह 20 से 25 हजार की आमदनी होने लगी। साथ ही उन्होंने एक छोटी किराना दुकान भी शुरू की, जिससे 6 से 7 हजार रुपये मासिक अतिरिक्त लाभ मिलने लगा। त्योहारों के मौसम में संतोषी और उनका परिवार मूर्ति निर्माण से 2 से 3 लाख रुपये की आमदनी की उम्मीद कर रहे हैं। पारंपरिक पेशे को आधुनिक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ाने वाली संतोषी अब लखपति दीदी के रूप में पहचान बना चुकी हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर आत्मनिर्भरता की राह पकड़ने वाली संतोषी आज अपने गांव की महिलाओं के लिए प्रेरणा और मिसाल बन गई है।

# राज्य सरकार की प्रतिबद्धता, खेलों के लिए बुनियादी ढांचा होगा सुदृढ़

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने एक बार फिर खेल सुविधाओं में इजाफा करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है। खिलाड़ियों को आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराने, खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने और उत्कृष्ट प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए सरकार सतत प्रयासरत है। इसी कड़ी में धमतरी और कुरूद में इंडोर बैडमिंटन हॉल / मल्टीपर्पज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण हेतु प्रशासनिक स्वीकृति मिली है। क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत खेल बुनियादी ढांचे का विस्तार और खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में राज्य सरकार कई महत्त्वपूर्ण पहल कर रही है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए बुनियादी ढांचे के विकास, प्रशिक्षण एवं प्रोत्साहन योजनाओं पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। ओलंपिक जैसे अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को 1 से 3 करोड़ रुपये तक की पुरस्कार राशि देने की योजना सरकार की प्रतिबद्धता का परिचायक है। यह पहल न केवल खिलाड़ियों के मनोबल को ऊँचा करती है बल्कि आने वाली नई पीढ़ी को भी खेलों की ओर प्रेरित करती है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना के तहत मैदानों का उन्नयन, उच्च स्तरीय उपकरणों की उपलब्धता, खेल क्लबों को आर्थिक सहायता और पारंपरिक खेलों के आयोजन जैसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। कलेक्टर धमतरी ने बताया कि जिले के धमतरी और कुरूद में इंडोर बैडमिंटन हॉल / मल्टीपर्पज स्पोर्ट्स हॉल के प्रोजेक्ट के लिए लगभग 5-5 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। यहां खिलाड़ियों के लिए विभिन्न इनडोर खेलों की आधुनिक सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, जिनमें बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कैरम, शतरंज, लूडो एवं साँप-सीढ़ी, डार्ट बोर्ड, स्नूकर, तीरंदाजी, योग कक्ष, स्क्वॉश, बास्केटबॉल, पिकलबॉल प्रमुख हैं। सबसे अहम यह है कि इन खेलों के लिए आवश्यक उपकरण और संरचनाएं अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होंगी।

इतना ही नहीं स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में न केवल खेल सुविधाएं बल्कि खिलाड़ियों और दर्शकों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक प्रावधान किए जाएंगे। इनमें खिलाड़ियों के आराम और तैयारी के लिए प्लेयर रूम, दर्शकों और प्रतिभागियों के लिए सुव्यवस्थित स्पोर्ट्स हॉल वेटिंग एरिया, आकस्मिक चिकित्सा सुविधा के लिए फर्स्ट एड रूम, महिला एवं पुरुषों के लिए अलग शौचालय शामिल हैं। इन प्रावधानों से खिलाड़ियों को प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं में भागीदारी के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। धमतरी और कुरूद के आसपास के क्षेत्रों में अनेक युवा खेलों में सक्रिय हैं, लेकिन पर्याप्त संसाधन और प्रशिक्षण केंद्र न होने के कारण वे अपनी प्रतिभा को राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक नहीं पहुँचा पाते। इन इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्सों के निर्माण से स्थानीय खिलाड़ियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण मिलेगा और वे अपनी प्रतिभा को निखार सकेंगे। धमतरी और कुरूद के मल्टीपर्पज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, खेल के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होंगे। आने वाले समय में धमतरी और कुरूद के खिलाड़ी न केवल राज्य बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करेंगे।

## पोषण को मजबूती देने मुनगा अभियान चलेगा राज्य में

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर रायपुर जिले में कुपोषण और एनीमिया जैसी गंभीर समस्याओं के समाधान की दिशा में एक अभिनव पहल की गई है।

हर घर मुनगा अभियान के अंतर्गत कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन रायपुर और महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मुनगा (सहजन) के पौधे आंगनबाड़ी केंद्रों और हितग्राही परिवारों को वितरित किए जा रहे हैं। इस अभियान के तहत जिले के 1941 आंगनबाड़ी केंद्रों में 3 से 6 वर्ष के बच्चों और उनके परिजनों को पोषणयुक्त मुनगा पौधों का वितरण किया जा रहा है। अब तक 10 हजार पौधे आंगनबाड़ी केंद्रों में और 55 हजार पौधे लाभार्थियों के घरों में रोपे जा चुके हैं। जहां जगह की कमी है, वहां पौधे सीधे लाभार्थियों के घरों में लगाए जा रहे हैं। खास बात यह है कि बच्चों और उनके अभिभावकों को इन पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी भी दी जा रही है, जिससे उनमें पौधों के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी की भावना भी विकसित हो रही है। अभियान का थीम मोर गोठ ला सुनगा, हर घर मुनगा है, जो छत्तीसगढ़ी संस्कृति से जुड़ाव के साथ एक सामाजिक संदेश भी देता है।

## झोलाछाप डॉक्टरों की लापरवाही से आदिवासी युवक की मौत

**गरियाबंद।** कोतवाली थाना क्षेत्र के पेंड्रा गांव में झोलाछाप डॉक्टरों की लापरवाही ने एक आदिवासी युवक की जान ले ली। मृतक पुरुषोत्तम ध्रुव (40 वर्ष) पाइल्स की समस्या से पीड़ित था और इलाज के लिए ओडिशा सीमा में रहने वाले दो फर्जी डॉक्टरों—बबलू टांडी और संजू राजपूत—से संपर्क किया था। इलाज के एवज में 30 हजार रुपये लिए गए थे। 20 अगस्त को दोनों आरोपी युवक पीड़ित के घर पहुंचे और तीन दिनों तक उसका इलाज करते रहे। अंतिम दिन मरीज की हालत बिगड़ गई, लेकिन आरोपी उसे अधमरा छोड़कर मौके से फरार हो गए। परिजनों को इलाज के दौरान कमरे में न जाने की सख्त हिदायत दी गई थी, जिससे किसी को स्थिति की गंभीरता का पता नहीं चल सका। जब मृतक की बेटी को शक हुआ और दरवाजा खोला गया, तो पुरुषोत्तम खून से लथपथ हालत में तड़पते हुए मिला। परिजन तत्काल उसे गरियाबंद जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरीश चौहान ने पुष्टि की कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पेरिएनल एरिया में गंभीर चोट के निशान मिले हैं, जिससे अत्यधिक रक्तस्राव के कारण मौत हुई। बताया गया है कि फर्जी डॉक्टरों ने गलत तरीके से चीरा लगाकर इलाज करने की कोशिश की थी।

## गणेश प्रतिमाओं को बाजे-गाजे के साथ ले जा रहे है भक्त, यातायात प्रभावित

**रायपुर।** राजधानी में गणेश उत्सव की धूम है लेकिन आमापारा सदर बाजार, शक्तिबाजार, पुरानी बस्ती, अमिन पारा में गणेश प्रतिमाओं को लेकर जाने के लिए श्रद्धालु डीजे लेकर निकल रहे है जिसके चलते लंबा यातायात जाम लग रहा है।

राजधानी में गणेश चतुर्थी के पावन पर्व गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की जाएगी। राजधानी के रामकुंड, आमापारा, शक्तिबाजार, सदर बाजार, गोल बाजार, अमिनपारा में गणेश प्रतिमाओं का आकर्षक बाजाार लगा हुआ है इसके लिए पंडरी में भी गणेश प्रतिमाओं के अलावा तीजा के लिए फूलेरा सहित अन्य पूजन सामाग्रियों की बिक्री के लिए बाजार सजे हुए है। इस समय डीजे प्रतिबंधित है लेकिन इसके बावजूद भी लोग नागपुर एवं अन्य राज्य से आकर्षक डीजे मंगा रहे है। नियमानुसार दस बजे तक डीजे बजाया जा सकता है। इन दिनों माना दुर्ग के अंजोरा थनौद से आकर्षक गणेश प्रतिमाएं भक्त लेकर आ रहे है। बड़ी तथा आकर्षक प्रतिमाएं लाई जा रही है। इसके अलावा रामकुंड में भी आकर्षक प्रतिमाएं बनाई जा रही है। राजधानी के रायपुरा क्षेत्र के मूर्तिकार शिवचरण यादव द्वारा आकर्षक प्रतिमाएं बनाई जा रही है। 15 किलो सुपारी से प्रतिमाएं बनाई गई है। राजधानी में इस समय इंकोफ्रेंडली तथा मिट्टी से निर्मित प्रतिमाएं बड़ी संख्या में बिक रही है। राजधानी में इस समय गुढ़ियारी में आकर्षक झांकियां बन रही है। यहां पर शिव पर आधारित आकर्षक झांकी बन रही है। इसके अलावा पुरानी बस्ती में भारी भरकम प्रतिमाएं बिठाई जाएगी। गोल बाजार ब्राम्हण पारा, अमिनपारा, लाखेनगर तथा सुंदर नगर में भी आकर्षक प्रतिमाएं तथ झांकियां बनाई जा रही है। कल से गणपति बप्पा की धूम रहेगी।

## 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा सेवा पखवाड़ा अभियान - साव

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में भी स्वच्छ शहर प्रतियोगिता की तैयारी पूर्ण। अगले महीने से निकायों का होगा सर्वे 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा ही पखवाड़ा अभियान चलेगा। मिली जानकारी के अनुसार राज्य में इस समय स्वच्छता देश में रैंकिंग प्राप्त है। इसलिए अब यहां पर नए सिरे से सेवा पखवाड़ा अभियान 17 सितंबर से शुरू होकर 2 अक्टूबर तक चलेगा। साव ने बताया कि यह अभियान नगरीय निकायों में शुरू किया जाएगा। प्रदेश में 11 नगर निगम, 80 नगरपालिकाएं एवं 110 नगर पंचायत हैं। इन सभी स्वच्छता अभियान के लिए स्वच्छता दीदीयों का सहारा लिया जाएगा।

## सांसद ज्योत्सना महंत का कटघोरा आगमन आज

**कोरबा।** कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद ज्योत्सना महंत व नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत का आज कटघोरा आगमन हो रहा है। वे एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस दौरान कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री हरीश परसाई भी मौजूद रहेंगे। जिला ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चौहान के द्वारा स्वागत की तैयारी की जा रही है। सांसद प्रतिनिधि अशोक देवांगन, ब्लॉक अध्यक्ष गोरेलाल यादव, परदेशी हंसराज, फूलचंद कश्यप, रामगोपाल कंवर, लल्लू सिंह कंवर सहित अन्य कार्यकर्ता स्वागत की तैयारी में लगे हुए हैं।

## तीन स्थानों पर होगी नारेबाजी

**कोरबा।** बिजली कर्मचारी महासंघ के द्वारा लंबित मांगों को लेकर तीन स्थानों पर धरना देकर नारेबाजी करने का निर्णय लिया गया है। बिजली कर्मचारी संघ ने कई महीने पहले विद्युत मंडल प्रबंधन को मांग पत्र सौंपा था। लेकिन अभी तक मांगें पूरी नहीं हो पाई है। जिसको लेकर बिजली कर्मचारी संघ ने क्रमबद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया है। 29 अगस्त को होने वाले आंदोलन के लिए तीन प्रभारी बनाए गए हैं। पूर्णिमा साहू, राघवेंद्र राठौर व केदार राठौर इस आंदोलन को सफल बनाने के लिए रूपरेखा बना रहे हैं। कलेक्टर कार्यालय के सामने विद्युत मंडल कर्मी व कोरबा पूर्व में नारेबाजी कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके लिए आरएस जायसवाल, चंद्रशेखर दुबे, नवरतन बरेठ, अजय मिश्रा, सुनीता जायसवाल, संदीप राठौर, भीम चौहान सहित अन्य कार्यकर्ता सक्रिय हो गए हैं।

## सड़क निर्माण को लेकर पार्षद हुए गंभीर

**कोरबा।** नगर पंचायत छुरी क्षेत्र में सड़क निर्माण को लेकर पार्षद सक्रिय हो गए हैं। तुलसी चौक से लेकर छुरीखुर्द तक सड़क पर डामरीकरण के लिए पार्षद कांति श्रीवास व शकुंतला कंवर ने नागरिकों की मांग पर नगर पंचायत को पत्र लिखा है। इस आशय की जानकारी देते हुए रमेश श्रीवास ने बताया कि सभी वार्डों में सड़कों का निर्माण होगा। जिन स्थानों पर सड़क खराब हो गए हैं उनका कायाकल्प किया जाएगा। सड़क निर्माण को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष पद्मिनी देवांगन काफी गंभीर है। उन्होंने पिछले बार बैठक लेकर नगर में विकास किए जाने को लेकर पार्षदों से सुझाव लिए थे। इस बैठक में विधायक प्रतिनिधि प्रीतम देवांगन, उपाध्यक्ष हीरानंद पंजवानी ने भी सुझाव दिए थे।

## बीकेकेएमएस की बैठक आज

**कोरबा।** आज गेवरा-दीपका बीकेकेएमएस कार्यकर्ताओं की बैठक गेवरा में आयोजित की गई है। जिसमें पर्यावरण दिवस मनाने व विजय जुलूस निकालने पर चर्चा की जाएगी। अध्यक्ष रामनारायण साहू व रमेश गुरुद्वान के द्वारा सुझाव दिए जाएंगे।

# मॉर्निंग वॉक पर निकले बुजुर्ग को बाइक ने टक्कर मारी, अस्पताल में मौत

### पहचान नहीं, जानकारी साझा की गई

**कोरबा।** बुधवार की सुबह नगर के पावर हाउस रोड्स क्षेत्र में एक वरिष्ठ नागरिक को दुपहिया चालक ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए टक्कर मार दी। पीड़ित मॉर्निंग वॉक के लिए इस क्षेत्र में पहुंचा था। हादसे को अंजाम देने के बाद बाइक चालक भाग निकला। कुछ देर के बाद लोगों ने घटना पर संज्ञान लिया और पीड़ित को अस्पताल भिजवाया। वहां पर उसकी मौत हो गई। पीड़ित की पहचान अभी नहीं हुई है।

कोतवाली पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत पावर हाउस रोड में आज सुबह लगभग 7 बजे यह घटना हुई। जानकारी मिली है कि प्रतिदिन अलग-अलग क्षेत्र से विभिन्न आयु वर्ग के लोग मुख्य मार्ग पर मॉर्निंग वॉक के लिए निकलते हैं। यह समय आवागमन के हिसाब से सामान्य होता है। इसलिए लोग समय का सदुपयोग करने के साथ फिटनेस



पर ध्यान देने को लेकर गंभीरता दिखाते हैं। सूचना के अनुसार पावर हाउस रोड मैं एक उम्र दराज व्यक्ति मॉर्निंग वॉक पर था। इसी दौरान ट्रांसपोर्ट नगर की तरफ से आए एक बाइक चालक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। उसके लापरवाही से मॉर्निंग वॉक कर रहा व्यक्ति टकराकर सड़क पर गिर पड़ा। इस घटना में उसे सर और अन्य हिस्से में काफी छोटे आई और वह लहूलुहान हो गया। दूसरी और मौके की नजाकत को भापकर दुपहिया चालक चंपत हो गया। इस रास्ते से आवागमन करने वाले लोगों की नजर सड़क पर दर्द से कराह रहे व्यक्ति पर पड़ी। उसका बुरा हाल देखकर लोग मौके पर रुके । उन्होंने पुलिस को इस बारे में जानकारी देने के साथ अपने स्तर पर मानवता दिखाई। पीड़ित को मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल भिजवाने की व्यवस्था कराई गई। लेकिन अस्पताल पहुंचाने की कुछ देर बाद ही उसकी मौत हो गई। माना जा रहा है कि हेड इंजरी का स्तर बहुत ज्यादा होने से पीड़ित के प्राणों की रक्षा की जानी संभव नहीं हो सकी। मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल की ओर से प्रतिवेदन दिए जाने पर चौकी पुलिस ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अंतर्गत मर्ग कायम किया है। पुलिस चौकी प्रभारी डीके कुजूर ने बताया कि सड़क हादसे में घायल व्यक्ति को अत्यंत गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया था जहां पर उसकी मृत्यु हो गई। दोपहर तक उसकी पहचान नहीं हो सकी। इस बारे में आसपास के क्षेत्र में जानकारी शेयर की गई है ताकि पहचान का काम आसान हो सके।

### सीसीटीवी फुटेज का सहारा

कोरबा पुलिस ने नागरिकों के सहयोग से मुख्य मार्ग सहित अनेक स्थानों पर हाई फ्रीक्वेंसी वाले सीसीटीवी कैमरे इंस्टॉल कराए हैं। आसपास की गतिविधियों पर नजर रखने के साथ इसकी रिकॉर्डिंग भी कराई जा रही है। बुधवार की सुबह हुई घटना में वह कौन दुपहिया चालक था जिसने एक व्यक्ति को टक्कर मारने के साथ उसकी जान ले ली, यह पता करने के लिए पुलिस इस इलाके के सीसीटीवी फुटेज का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे पहले कुछ इलाकों में हुई ऐसी दुर्घटना में पुलिस की चुनौती आसान करने में ऐसे कैमरा में अपनी भूमिका साबित की है।

## स्वागत है गणपति...

## विधि विधान से घरों और पंडालों में प्रतिमाएं स्थापित




कोरबा। पौराणिक मान्यताओं के साथ-साथ विभिन्न कथाओं में वर्णित प्रथम पूज्य व विघ्नों के हरण करने वाले भगवान गणपति का उत्सव भाद्र पक्ष चतुर्थी से प्रारंभ हो गया। कई दुर्लभ संयोग इस अवसर पर उपस्थित हुए हैं। इनके बीच एक दंत भगवान की प्रतिमाओं की स्थापना परंपरागत रूप से घरों, संस्थानों और पंडालों में विराजित की जा रही है। सुबह से शुरू हुआ यह सिलसिला आज रात तक जारी रहेगा।

भगवान गणपति के प्राकट्य दिवस को गणेश चतुर्थी का नाम मिला हुआ है। पूरे संसार का चक्कर लगाने की बात जब आई तो उन्होंने अतीत में अपने माता-पिता की तीन परिक्रमा की और इस मान्यता को साबित किया कि परिवार व समाज का सबसे बड़ा प्रमुख आधार यही है। इस ध्रुव सत्य को रेखांकित करने के कारण उन्हें श्रृष्टि के प्रथम पूज्य देव में शामिल किया गया। उनके प्राकट्य दिवस से गणेश चतुर्थी का 11 दिवसीय उत्सव मनाने की परंपरा कालांतर में उदित हुई, जो अब भी जारी है। शास्त्रीय मत के अनुसार भाद्रपद चतुर्थी को पूरे समय प्रतिमा स्थापना का मुहूर्त कायम है, क्योंकि इसके साथ किसी दोष की उपस्थिति संभव नहीं है। कोरबा नगर के प्रमुख स्थानों पर बड़ी समितियों ने उत्सव को खास बनाने के लिए वृहद आकार की प्रतिमाएं स्थापित की है। वेद मंत्रों की ध्वनि और भगवान के जयकारे के साथ पुरोहितों ने यहां पर स्थापना की प्रक्रिया पूरी कराई। बताया गया कि यहां पर कई आकर्षण को भी शामिल किया गया है। पूरे उत्सव के दौरान यह कार्यक्रम संपन्न किए जाने हैं। जबकि हजारों की संख्या में सामान्य आकार की प्रतिमाएं शहरी, कस्बाई और ग्रामीण क्षेत्र में लोगों ने अपने घरों पर स्थापित की है। सभी के पीछे एक ही सिद्धांत काम करेगा और वह है हर तरह से जीवन में अनुकूलता व सुख-समृद्धि के साथ विघ्नों से मुक्ति प्राप्त हो।

### कटघोरा में विराजे बप्पा

कटघोरा नगर में लगातार दूसरे वर्ष सार्वजनिक पूजा समिति ने माया नगरी मुंबई की तर्ज पर सबसे वृहद आकार की प्रतिमा की स्थापना की है। इसे कटघोरा के राजा का नाम दिया गया है। बताया गया कि इस बार भी भव्य पंडाल में प्रतिमा विराजित की गई। अगले 11 दिन तक कई आयोजन करने की योजना बनाई गई है। पिछले वर्ष अयोध्या के राम मंदिर की तर्ज पर यहां के पंडाल ने लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींचा था।

# कर्कश हॉर्न, तीन सवारी वाले मामलों में पुलिस की सख्ती, तेज किया अभियान

**कोरबा।** पुलिस ने दुपहिया चालकों को सतर्क किया है कि उन्हें ट्रिपल राइडिंग के साथ-साथ मॉडिफाई साइलेंसर और इसके जरिए निकल जाने वाली कर्कश ध्वनि से बचना होगा। उनकी अवांछित हरकतें बर्दाश्त नहीं की जाएंगे और बेहतर सबक सिखाया जाएगा।

पुलिस के द्वारा ऐसे मामलों में पहले भी कार्रवाई की जाती रही है और गणेश उत्सव सीजन को सामने रखते हुए कार्रवाई को और सख्त कर दिया गया है। कोरबा जिले के शहरी के साथ-साथ सभी क्षेत्रों में इस प्रकार के अभियान पर गंभीरता दिखाई जा रही है। कारण बताया जा रहा है कि विभिन्न क्षेत्रों से लगातार ऐसी शिकायतें आ रही है कि ट्रिपल राइडिंग के साथ कानों को मुश्किल देने वाली आवाज में बढ़ोतरी हो रही है और यह जन स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं है। हाल में ही पुलिस ने ऐसे अनेक मामलों में कार्रवाई की और दोषियों को सबक दिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस को इसके लिए बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही थाना और चौकी स्तर पर भी प्रभावी



कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी प्रभारी को कहा गया है कि सड़क हादसों को रोकना उनकी प्राथमिकता होना चाहिए और ऐसी स्थिति में जो भी बाइक चालक लापरवाही का प्रदर्शन करता नजर आए उसे पर किसी भी तरह से ढिलाई नहीं करना है। इसके अलावा किसी भी स्तर से आने वाली एप्रोच को अवॉइड करना है। पुलिस की ओर से कहा गया कि त्यौहार का सीजन हमारे सामने है और ऐसे में परिस्थितियों को हर हाल में बेहतर बनाना है। भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में अराजकता के हालात उत्पन्न ना हो, इसलिए गुंडा बदमाशों की क्लास लगाने के साथ उन्हें आवश्यक नसीहत दे दी गई है। कहां गया है कि अगर वह नहीं सुधारते हैं तो फिर उन्हें सुधारने के लिए पूरे विकल्प मौजूद हैं। बताया गया कि गणेश उत्सव से शुरू हुआ पुलिस का यह अभियान दीपावली के बाद तक सतत रूप से चलता रहेगा।

### 22.91 लाख का शुल्क मिला, मृत्यु दर में कमी

पुलिस ने बताया कि ओवर स्पीड के 2291 मामलों में कार्रवाई करने के साथ 22.91 लाख का समन शुल्क ट्रैफिक पुलिस ने वसूल किया। 185 एमवी एक्ट के 1330 मामले कोर्ट में पेश किए गए। इनमें चालकों से 1 लाख 33 हजार का शुल्क जमा कराया गया। सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान से वर्ष 2025 में सड़क हादसों में होने वाली मृत्यु दर में 6.4 फीसदी की कमी आई है। स्कूल, कॉलेज में छात्रों को यातायात नियम का पालन करने, ओवरटेक न करने और नशे की स्थिति में गाड़ी नहीं चलाने की सलाह दी गई।

## बजरंग दल पर टिप्पणी, आफत आई तो माफी मांगी

**कोरबा।** सोशल मीडिया साइट्स फेसबुक पर पिछले दिनों बजरंग दल को लेकर अभद्र टिप्पणी करने वाले कोरबा निवासी संजय गौड़ को आखिरकार माफी मांगनी पड़ गई। उसकी पोस्ट पर आकर एक समुदाय के लोग समर्थन में कमेंट कर रहे थे। इस मामले को लेकर बजरंग दल ने मोर्चा खोल दिया। इससे खुद को अड़चन में पढ़ते देख युवक ने आखिरकार सार्वजनिक रूप से माफी मांगना ही बेहतर समझा। सीएसईबी पुलिस चौकी परिसर में राणा मुखर्जी ने इस विषय को लेकर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संजय गोंड़ ने कुत्सित मानसिकता का परिचय देते हुए संगठन के बारे में सोशल मीडिया पर अमर्यादित शब्दों का उपयोग किया था। लालत की बात यह रही कि मिशनरी संगठन से जुड़े कुछ लोग उसे प्रोत्साहित करते नजर आए, जिस पर बजरंग दल ने पुलिस के पास शिकायत कर कार्रवाई की मांग की।

## छत का प्लास्टर भरभरा कर गिरा

**कोरबा।** एसईसीएल शक्ति नगर कालोनी के एक मकान के भीतर रसोई घर का छत का प्लास्टर भरभरा कर गिर गया। चूंकि परिजन दूसरे कमरे में सोए हुए थे, इसलिए कोई नुकसान हीं हुआ। शक्ति नगर निवासी रमेश चंद्रा के निवास स्थान के रसोईघर का छत प्लास्टर अचानक भरभरा कर गिर गया। इस मामले की शिकायत श्रमिक नेता एलपी चंद्रा के द्वारा अधिकारियों से की गई है। इसके अलावा वेलफेयर कमेटी



के सदस्यों को भी इसकी जानकारी दी गई है ताकि घटना स्थल का निरीक्षण कर निर्माण कार्य तुरंत शुरू कराया जा सके।

## शहर की सड़कों को सुधार की जरूरत

**कोरबा।** पहले से खराब चल रही सड़कों की हालत को बारिश ने और ज्यादा बिगाड़ दिया। वर्तमान में यहां से उड़ रही डस्ट लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। यातायात पर इसका बुरा असर पड़ रहा है। टीपीनगर, पीएच रोड, ओपन थिएटर घंटाघर और वीआईपी रोड के हालात बदतर हो गए हैं। मांग की जा रही है कि बारिश की विदाई के साथ सुधार की तरफ ध्यान दिया जाना चाहिए।

# कोरबी सर्किल में घूम रहे 52 हाथी, ग्रामीणों पर मंडाराया खतरा

**कोरबा।** जिले के कटघोरा वनमंडल में हाथी समस्या समाप्त होने का नाम ही नहीं ले रहा है, उल्टा हाथियों का उत्पात और भी बढ़ता जा रहा है। बीती रात अचानक धमके 52 हाथियों के दल ने डिविजन के केंदई रेंज के कोरबी सर्किल अंतर्गत खुरूपारा व कोरबी गांव में जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान हाथियों ने ग्रामीणों के खेतों व बाड़ी में घुसकर वहां लगे धान तथा मक्का की फसल को भारी नुकसान पहुंचाया और उसे तहस-नहस कर दिया। जिससे 15 ग्रामीणों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। बड़ी संख्या में हाथियों के क्षेत्र में आने तथा उत्पात मचाए जाने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है



और उन्हें खतरा बना हुआ है। वहीं वन विभाग द्वारा निगरानी बढ़ा दी गई है। अब तक हाथियों का दो दल सिरमिना सर्किल के साल्हीपहाड़ एवं पसान रेंज के बनिया क्षेत्र में घूम रहा था। बताया जाता है कि हाथियों का दोनों दल रात में एक साथ मिल गया और केंदई रेंज के कोरबी सर्किल में पहुंचकर उत्पात मचाना शुरू कर दिया। रात में ग्रामीणों द्वारा हाथियों के आने और उत्पात मचाए जाने की जानकारी दिए जाने पर वन अमला मौके पर पहुंचा और हाथियों को खदेड़ने की कार्यवाही की, जिस पर हाथियों ने जंगल का रूख किया। वर्तमान में हाथियों का यह दल खुरूपारा जंगल में विचरण कर रहा है।

## शहर में काले सांड का आतंक हमले में बाल-बाल बचे लोग

**कोरबा।** शहर में इन दिनों एक काले सांड का आतंक जारी है, जो सप्तदेव मंदिर से पुराने बस स्टैंड के बीच घूम रहा है। जिससे आने-जाने वाले लोग आतंकित हैं, यह सांड अब तक कई लोगों पर हमला



कर घायल कर चुका है। इसकी जानकारी नगर पालिक निगम के जिम्मेदार अफसरों को देते हुए आतंक का पर्याय बने इस सांड को पकड़कर गोठान ले जाने की मांग की गई है लेकिन इसे अब तक निगम द्वारा काउकेचर टीम को भेजकर नहीं पकड़ा गया है और वह खुलेआम घूम रहा है, जिससे लोगों की जान को खतरा बना हुआ है। सांड की खासियत है कि वह धीरे से लोगों के पास आता है और अचानक हमला कर देता है। एक दिन पूर्व भी सांड ने इस मार्ग पर एक के बाद एक तीन लोगों पर अचानक हमला किया जिससे उन्हें चोटें आई, मगर तीनों बाल-बाल बच गए। यह नजारा लोगों ने देखा। इस दौरान अधिवक्ता धनेश सिंह ने सजगता का परिचय देते हुए सांड का वीडियो बनाकर घटना की जानकारी नगर निगम के अधिकारियों को देते हुए सांड को पकड़कर गोठान ले जाने की बात कही लेकिन अफसरों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया और वह अभी भी वह क्षेत्र में खुलेआम घूम रहा है जिससे खतरा बना हुआ है।

जय श्रीराम
प्लाट बेचना है
बुधवारी बायपास रोड में 85×300 का प्लाट तथा दादर कोरबा में 20 डिसमिल का प्लाट बिक्री हेतु उपलब्ध है।
संपर्क करें
62681-46606

# क्या है सही रास्ता, पुलिस ने बताया बड़ेबांका के लोगों को

**कोरबा।** कटघोरा थाना क्षेत्र के बड़े बांका गांव में सजग कोरबा अभियान के तहत चलित थाना लगाया गया। इसके माध्यम से नशा मुक्ति के लिए लोगों को जागरूक करने के साथ उन्हें विभिन्न प्रकार की चीजों में सावधान किया गया।

थाना प्रभारी धर्म नारायण तिवारी ने इस अवसर पर स्थानीय स्तर पर मौजूद चुनौतियों के बारे में जानकारी हासिल की और उनके समाधान के रास्ते बताएं। कहा गया कि अवैध शराब न तो बननी चाहिए और ना ही इसका विक्रय होना चाहिए। सरकार का तंत्र ऐसे मामलों में कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र हैं लेकिन लोगों की भी अपनी जिम्मेदारी है कि वह बुराइयों से खुद बच्चे और इसके उन्मूलन के लिए काम भी करें। बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे उपस्थित रहे। पुलिस अधिकारियों ने लोगों को साइबर अपराध से बचाव और यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को बताया गया कि नशा व्यक्ति और समाज दोनों



के लिए हानिकारक है, इसलिए युवाओं को नशे से दूर रहकर अपने भविष्य को सुरक्षित बनाना चाहिए। साथ ही, लगातार बढ़ते साइबर अपराधों से बचाव के उपाय भी बताए गए। पुलिस ने समझाया कि अज्ञात कॉल या लिंक पर विश्वास न करें, बैंक से संबंधित किसी भी जानकारी को साझा न करें और संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत सूचना पुलिस को दें। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के दिशा निर्देश पर संचालित संचालित थाना मेंयातायात सुरक्षा पर भी विशेष जोर दिया गया। लोगों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, मोबाइल फोन का वाहन चलाते समय उपयोग न करने और सड़क पर सावधानी बरतने की सलाह दी गई। थाना प्रभारी ने ग्रामीणों से कहा कि पुलिस हमेशा जनता की सुरक्षा और सहयोग के लिए तत्पर है। ऐसे आयोजन आगे भी समय-समय पर किए जाएंगे ताकि समाज में सुरक्षा और जागरूकता की भावना मजबूत हो सके।

# इमलीछापर की नारकीय दशा पर मंत्री हैरान

### कारोबारियों ने किया था गंदे पानी से स्नान

**कोरबा।** पिछले दिनों कुसमुंडा के इमली छापर में जर्जर सड़क में भरे पानी में स्थानीय व्यापारियों द्वारा स्नान करते हुए सांकेतिक प्रदर्शन किया गया था। जिस पर हर तरफ कामकाज को लेकर थू-थू हो रही है। इस मामले में कई सवाल भी उठ खड़े हुए हैं। केबिनेट मंत्री लखन देवांगन ने बताया कि इस सड़क को लेकर वे पूर्व में भी कलेक्टर से चर्चा कर चुके हैं। कुसमुंडा में जिस ठेकेदार द्वारा ओवरब्रिज का निर्माण किया जा रहा है, उसकी मनमानी के चलते यह नौबत आयी है। ठेकेदार काफी धीमी गति से यह काम कर रहा है। उन्होंने कलेक्टर को निर्देश दिया है कि या तो ठेकेदार को दुरुस्त किया जाये या फिर उसका ठेका निरस्त किया जाये।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोनः 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com